


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22
सांध्य दैनिक
# श्रीकंचनपथ
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14, अंक - 66 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 19 दिसंबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर...

### एम्बुलेंस में हुआ प्रसव, नवजात की मौतः रीवा के अस्पताल में लगा था ताला

**रीवा।** मध्यप्रदेश के रीवा में एक महिला ने एम्बुलेंस में बच्ची का जन्म दे दिया। नवजात की एम्बुलेंस में ही मौत हो गई। घटना रविवार की है। महिला के परिजन का कहना है कि डॉक्टर सहित मेडिकल स्टाफ छुट्?टी के दिन अस्पताल बंद कर अपने घर चले जाते हैं। नतीजन शाम को प्रसव केंद्र पहुंची महिला को समय रहते उपचार नहीं मिला।

मामला मनिकवार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का है। डॉक्टर और नर्स के नदारद रहने से आशा कार्यकर्ता को एम्बुलेंस में ही प्रसव कराना पड़ा। प्रसव होने के कुछ ही देर बाद नवजात की मौत हो गई। नवजात की मौत के बाद महिला काफी देर तक बिलखती रही।

सीएमएचओ डॉ. एनएन मिश्रा से जब बात की तो डॉक्टर और नर्सों की लापरवाही को लेकर अनभिज्ञता जाहिर करते हुए कहा- हम पूरी जानकारी जुटा रहे हैं। दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा। संबंधित चिकित्सक के खिलाफ जरूर कार्रवाई की जाएगी।

### सोनीपत में जीटी रोड पर हादसे के बाद लगा 2 किमी लंबा जाम, कई वाहन फंसे

**सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत में सोमवार सुबह घने कोहरे के बीच हुए हादसे में गन्नौर क्षेत्र में जीटी रोड पर 2 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। दिल्ली-करनाल जा रही जीटी रोड के एक हिस्से को बंद करना पड़ा। इसके बाद करीब डेढ़ घंटे तक वाहन जाम में फंसे रहे। बाद में जीटी रोड की रेलिंग को तोड़ कर वाहनों को सर्विस रोड से निकाला गया। हादसे में 2 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

सोनीपत जिला भी प्रदेश के अन्य हिस्सों की तरह सोमवार को घने कोहरे की चादर में लिपटा रहा। सुबह 7 बजे जिले में विजिबिलिटी मुश्किल से 5 मीटर रही। ग्रामीण क्षेत्र ओर जीटी रोड पर साढ़े 10 बजे तक कोहरा छाया रहा। शहरी क्षेत्र में भी कोहरे का असर दिखाई दिया ओर सुबह बच्चों को स्कूल और लोगों को काम धंधे पर जाम में परेशानी झेलनी पड़ी। 9 बजे तक विजिबिलिटी 100 मीटर तक रही। इस मौसम के पहले कोहरे में ही लोगों के हाल बेहाल हो गए।

### छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड, सर्द हवाओं से लुढ़का पारा

# सबसे ठंडा रहा जशपुर जिला, तापमान में आई 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सरगुजा संभाग के कई जिलों में बर्फ की चादर दिखने लगी है**



रायपुर। छत्तीसगढ़ में मौसम खुलने के साथ ही एक बार फिर कड़ाके के ठंड की वापसी हो गई है। पिछले दो दिनों से पारा लगातार लुढ़क रहा है। शनिवार के बाद अब रविवार को प्रदेश के ज्यादातर जिलों में न्यूनतम तापमान में लगभग 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग की माने तो प्रदेश में इस सप्ताह से तेजी से पारा गिरेगा।

प्रदेश का मौसम पूरी तरह से साफ हो गया है, बादल छंट गए हैं। साथ ही हवा का रुख भी उत्तरी हो गया है। सरगुजा संभाग के अधिकांश जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जशपुर, कोरिया, मैनपाट, बलरामपुर, पेण्ड्रा रोड और कवर्धा में ओस की बूंद जम गई है। रायपुर-बिलासपुर संभाग के अधिकांश जिलों में अभी हालात सामान्य बनी हुई है।

मौसम विभाग के मुताबिक बीती रात जशपुर प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा। वहां न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री सेल्सियस मापा गया है। एक दिन पहले सबसे ठंडे रहे कवर्धा में न्यूनतम तापमान 6.1 डिग्री है। सरगुजा संभाग के दूसरे जिलों में कोरिया 6.2 डिग्री और अंबिकापुर 7.9 तक ठंडे हो गए हैं। बस्तर संभाग में नारायणपुर सबसे ठंडा है। यहां न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस मापा गया है।

कांकेर में तापमान 9.8 डिग्री दर्ज हुआ है। तापमान में दो दिनों की लगातार गिरावट होने से पाले का असर दिखने लगा है। सरगुजा, कोरिया, पेण्ड्रा रोड और कवर्धा की चिल्फी घाटी क्षेत्र में ओस की बूंद जमने से बर्फ गिरने जैसा दृश्य दिखने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक पहाड़ी क्षेत्रों में ऐसे नजारे लगभग हर सुबह दिखने वाले हैं।

बिलासपुर में न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस आया है। यह सामान्य से करीब दो डिग्री तक कम है। दुर्ग और राजनांदगांव का न्यूनतम तापमान इससे भी कम 10.8 डिग्री दर्ज किया गया है। मुंगेली का तापमान 9.5 और कोरबा का 9.8 डिग्री सेल्सियस मापा गया है। इसकी वजह से इन जिलों में ग्रामीण क्षेत्रों में रात को ठंड का एहसास बढ़ गया है। सुबह घना कोहरा देखा जा रहा है। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर से आ रही ठंडी और सूखी हवाओं का प्रभाव बढ़ने से न्यूनतम तापमान में इस तरह की गिरावट हुई है। अगले दो दिनों तक यह ट्रेंड बने रहने की संभावना बनी हुई है।

मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव दिखेगा। साल के आखिरी दिनों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान दोनों में गिरावट हो सकती है। इसकी वजह से अधिकांश क्षेत्रों में बढ़ी ठंड का एहसास होगा।

# मजदूर की तबीयत बिगड़ी, ठेकेदार ने अस्पताल के बजाय भेजा घर

### मौत से गुस्साए परिजनों ने किया जमकर हंगामा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा के कुसमुंडा खदान में ड्यूटी के दौरान एक ठेका मजदूर की तबीयत बिगड़ गई। लापरवाह ठेकेदार ने उसे अस्पताल पहुंचाने की बजाय घर भेज दिया। तबीयत ज्यादा बिगडने् पर ठेका श्रमिक की मौत हो गई। जिसके बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क पर रविवार को शव रखकर जमकर नारेबाजी की। नाराज ग्रामीणों ने मजदूर के शव को कुसमुंडा के सतर्कता चौक पर रखकर कोयला परिवहन ठप कर दिया। एसईसीएल और ठेका कंपनी के प्रति आक्रोश दिखाते हुए नौकरी और मुआवजे की मांग की।

मृतक के परिजनों ने ठेका कंपनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और मृतक के परिवार को नौकरी व मुआवजा देने की मांग को लेकर रविवार को प्रदर्शन किया। इससे कोयला परिवहन पूरे दिन ठप रहा। उरगा के पास भिलाई खुर्द में रहने वाले लल्लूराम पटेल उम्र 42 वर्ष कुसमुंडा खदान में ठेका कंपनी नारायणी में काम करते थे। शनिवार सुबह पांच बजे घर से ड्यूटी गए थे। इसके थोड़ी देर बाद लल्लूराम की तबीयत बिगड़ गई। कंपनी ने लल्लूराम को अस्पताल पहुंचाने के बजाए अपने तीन कर्मचारियों की मदद से घर पहुंचा दिया। तब तक लल्लूराम की स्थिति नाजुक हो गई थी। आनन फानन में परिवार के सदस्य लल्लूराम को लेकर कोरबा के निजी अस्पताल पहुंचे। परीक्षण कर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### थाने पहुंचे परिजन

मृतक मजदूर ठेका कंपनी नारायणी के टायर सेक्शन में सुपरवाइजर था। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों और ग्रामीण शव को लेकर कुसमुंडा थाना पहुंच गए। परिवार के सदस्यों ने ठेका कंपनी नारायणी पर लापरवाही का आरोप लगाया। कंपनी के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग कुसमुंडा पुलिस से की। पुलिस ने कार्रवाई से इनकार कर दिया। नाराज ग्रामीण शव को लेकर कुसमुंडा के सतर्कता चौक पर पहुंचे। शव को सड़क पर रख धरना पर बैठ गए। इससे खदान से होने वाला कोयला परिवहन बंद हो गया।

प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही एसईसीएल के अधिकारी मौके पर पहुंचे। ठेका कंपनी नारायणी के अधिकारी नहीं पहुंचे।मृतक के परिवार को नौकरी और मुआवजा को लेकर हंगामा किया। काफी इंतजार के बाद भी नारायणी कंपनी के अधिकारी मौके पर नहीं तो कुसमुंडा के महाप्रबंधक संजय मिश्रा नाराज हो गए।

# छत्तीसगढ़ में आईएएस अफसरों का तबादला, दो जिलों के कलेक्टर बदले

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के प्रशासन में बड़ा फेरबदल हुआ है। इसकी जद में भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय वन सेवा और राज्य प्रशासनिक सेवा के 21 अफसर आए हैं। दो जिलों के कलेक्टर बदल दिए गए हैं। प्रभावित होने वाले जिलों में धमतरी और नारायणपुर शामिल हैं। धमतरी से पदुम सिंह एल्मा का तबादला मंडी बोर्ड में हुआ है। वहीं मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसे समीर विश्नोई से पहले खनिज विभाग में संचालक रहे अजीत वसंत को नारायणपुर जिले का कलेक्टर बना दिया गया है।

सामान्य प्रशासन विभाग ने रविवार देर शाम भारतीय प्रशासनिक सेवा के 15 अफसरों की तबादला सूची जारी की। इसके जरिए धमतरी के कलेक्टर पदुम सिंह एलमा को राज्य मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक की जिम्मेदारी दी गई है। 2010 बैच के ह्रास एल्मा जून 2021 में धमतरी भेजे गए थे। उनकी जगह ऋतुराज रघुवंशी अब धमतरी के कलेक्टर होंगे। 2014 बैच के ऋतुराज अभी तक नारायणपुर के कलेक्टर की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

ऋतुराज को इसी साल जनवरी में नारायणपुर भेजा गया था। नारायणपुर में कलेक्टर की जिम्मेदारी 2013 बैच के ह्रास अजीत वसंत को दी गई है। वसंत को इसी साल अप्रैल में मुंगेली कलेक्टर से हटाकर दिल्ली में आवासीय आयुक्त बनाया गया था। अजीत वसंत फरवरी 2020 तक खनिज विभाग के संचालक भी रहे। उनको वहां से हटाकर नये जिले गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही का अपर कलेक्टर बना दिया गया। खनिज विभाग में उनकी जगह पर 2009 बैच के ह्रास समीर विश्नोई को संचालक बनाया गया। उसी कार्यकाल के दौरान निकले एक आदेश की वजह से प्रवर्तन निदेशालय ने विश्नोई को मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोपी बनाया है।

# रुआबांधा के झोपड़ी में लगी भीषण आग, घंटों की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने पाया काबू



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** रुआबांधा में सोमवार सुबह एक झोपड़ी भीषण आग लग गई। घटना सुबह 11 बजे की बताई जा रही है। झोपड़ी में आग लगने के बाद वहां रह रहे लोग बाहर निकल गए। इधर घटना की सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

मिली जानकारी के अनुसार रुआबांधा मोहल्ला आज़ाद नगर निवासी रामजी यादव की झोपड़ी में भीषण आग लग गई। सूचना के बाद अग्निशमन कर्मियों को दुर्ग से रवाना किया गया। मौके पर पहुंचकर अग्निशमन कर्मियों ने कड़ी मशक्क़त की। पहले तो घर में घुसकर दो गैस सिलेंडर को बाहर निकाला गया और उसके बाद घर की आग को बुझाया गया। इस आगजनी में बड़ा नुकसान हुआ है। पूरी कार्रवाई में जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी नागेन्द्र कुमार सिंह, अग्निशमन कर्मी, एफ प्रवीण बारा, नागेश मार्कण्डेय, नगर सैनिक जवान, राजूलाल, डीवहार, डालाराम, फ़ायर ऑपरेटर, दुर्गा मार्कण्डेय की सराहनीय भूमिका रही।

# फीफा वर्ल्डकप : अर्जेंटीना तीसरी बार बना वर्ल्ड चैम्पियन



**वर्ल्ड स्पोर्ट्स डेस्क।** रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ फीफा वर्ल्डकप खत्म हो गया। रविवार को सांसे रोक देने वाले फाइनल मुकाबले में अर्जेंटीना ने फ्रांस को पैनाल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर ट्राफी अपने नाम की। इस मैच में एक बार फिर से अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी का जादू चला। करीब एक महीने तक चले फीफा वर्ल्ड कप का यह फाइनल अबतक का सबसे रोमांचक फाइनल माना जा रहा है। जहां आखिरी पल तक विजेता कौन होगा यह तय नहीं हुआ।

मैच शुरू होने के बाद पहले हाफ में ही अर्जेंटीना ने 2 गोल दाग दिए। अर्जेंटीना को पैनाल्टी शॉट का मौका मिला और कप्तान लियोनेल मेसी ने कोई गलती नहीं की और 23वें मिनट में गोल दाग दिया। इसके बाद 36वें मिनट में डी. मारिया ने अर्जेंटीना के लिए दूसरा गोल दागा। पहले हाफ में अर्जेंटीना ने 2-0 से बढ़त बना ली थी।

दूसरा हाफ में आखिर तक फ्रांस संघर्ष करता रहा। आखिर में किलियन एम्बाप्पे ने 90 सेकंड के अंतर पर ही दो गोल दाग दिए और अपनी टीम को मैच में बराबरी पर पहुंचाया। एम्बाप्पे ने 80वें और 81वें मिनट में गोल दागा। 90 मिनट और एक्स्ट्रा के 7 मिनट खत्म हुए तो स्कोर 2-2 की बराबरी पर छूटा। ऐसे में 15-15 मिनट का एक्स्ट्रा टाइम दिया गया। यहां अर्जेंटीना के लिए लियोनेल मेसी ने 108वें मिनट में और किलियन एम्बाप्पे ने 118वें मिनट में फ्रांस के लिए गोल दागा। यानी एक्स्ट्रा टाइम में भी 3-3 पर मैच बराबरी पर रहा और फिर पेनल्टी शूटआउट में मैच गया।

### पेनल्टी शूटआउट में अर्जेंटीना ने फ्रांस को 4-2 से हराया

- फ्रांस ने पहला गोल दागा।
- अर्जेंटीना ने भी अपना पहला गोल दागा।
- फ्रांस अपना दूसरा गोल करने से चूक गया।
- अर्जेंटीना ने अपना दूसरा गोल पूरा किया।
- फ्रांस अपना तीसरा गोल भी चूक गया।
- अर्जेंटीना ने अपना तीसरा गोल भी पूरा किया।
- फ्रांस की टीम ने चौथा गोल दागा।
- अर्जेंटीनाई टीम अपना चौथा गोल दागा और फ्रांस को हराया।

# सरकार तो कर ही रही, जिम्मेदारी हमारी भी

श्रीकंचनपथ




शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार कितना भी काम करे, जब तक समाज आगे नहीं आएगा, इसका लाभ सब तक नहीं पहुंच सकता। महिला कमांडों बनाकर चर्चा में आई बालोद की पद्मश्री शमशाद बेगम इसी नारे के साथ आगे बढ़ रही हैं। उन्हें पता है कि स्कूलों के दरवाजे खुल जाने और मध्यान्ह भोजन मिलने के बावजूद गरीब बच्चों की शिक्षा अभी लक्ष्य से बहुत दूर है। उन्होंने समाज से लेकर इन बच्चों की जरूरतें पूरी करने का फैसला किया है। बालोद जिले में उन्होंने इसपर काम भी किया है और अब पड़ोसी जिलों में इस अभियान को आगे बढ़ाने जा रही हैं। योजना के तहत लोगों से कापी-किताब-पेन-कम्पास और 300 रुपए की नगद राशि एकत्र कि जाएगी। इन्हें उन बच्चों तक पहुंचाया जाएगा तो पढ़ता तो चाहते हैं पर अर्थाभाव के कारण उनके पास पर्याप्त साधन नहीं हैं। इन सामग्रियों का वितरण दानदाता स्वयं कर सकेंगे। दानदाताओं-सहयोगकर्ताओं का सम्मान भी किया जाएगा। दरअसल, उन्होंने वही किया है जो संस्कारों ने उन्हें सिखाया है. विश्व के प्राय: सभी धर्म में कमाने वाले अपनी आय का एक हिस्सा समाज के जरूरतमंदों के लिए दान कर देते हैं। उन्हें नहीं पता होता कि इस राशि से किसका भला हो रहा है पर वे इससे कभी पीछे नहीं हटते। सनातन धर्म में दरिद्र को नारायण मानकर उसकी सेवा की जाती रही है। आज भी कुछ लोग ठंड से पहले कंबल चादरें, दोहड़ बांटने निकल पड़ते हैं। कोई अलाव की व्यवस्था कर देता है तो कोई भोजन बांट आता है। पूरा समाज मिलकर ऐसी कोशिश करे तो समस्या चुटकियों में हल हो सकती है। दरिद्रों की संख्या हर काल में उंगलियों पर गिने जाने लायक ही होती है। सेक्टर-2 और सेक्टर-8 में संचालित आस्था, सेक्टर-3 में संचालित फील परमार्थम फाउंडेशन जैसी संस्थाएं वृहत्तर समाज के लिए वही कर रही हैं जो शांतिनगर में मजर टेरेसा आश्रम कर रहा है। हम सभी ऐसा कर सकते हैं. कितना अच्छा हो तो मंदिर में एक दान पेटी गरीबों की मदद के लिए भी लगी रहे। शराब भट्ठियों पर भी एक पेटी जरूरतमंदों के लिए लगाई जाए। साफ साफलिखा हो कि खुद बर्बाद होने से पहले समाज का कुछ भला कर जाओ। इस कार्य में विद्यार्थी समुदाय को शामिल कर लिया जाए तो सोने पर सुहागा हो जाए. समाज को लगता है कि आज का युवा संवेदनाशून्य हो गया है। उसे अपने सिवा किसी और की पड़ी नहीं है। पर ऐसा नहीं है. आज जितनी बड़ी संख्या में युवा समाज सेवा की ओर मुड़ रहे हैं, उसकी कोई मिसाल इतिहास में नहीं मिलेगी. इन बच्चों की आंखों में एक सपना है। ये वो तकनीक सीखने की कोशिश कर रहे हैं जिससे वृहत्तर समाज का सहयोग लेकर जरूरतमंदों की मदद की जा सकती है। यह बहुत बड़े पैमाने पर होने वाला काम हैं। संपन्न लोगों के अलावा प्रवासी भारतीय भी जरूरमंदों की मदद करना चाहते हैं, बस उनके पास वक्त नहीं होता। युवा इसका जरिया बन रहे हैं।



## संपादकीय

# याददाश्त पर वार

दुनिया भर में कोरोना मामलों में कमी आ गई है, लेकिन उसके बाद की बीमारियों या शारीरिक कमियों का क्रम चिकित्सा विज्ञानियों की चिंता बढ़ा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि कोरोना संक्रमण से उबरे अनेक लोगों को पूरी तरह से ठीक होने में कुछ साल तक लग जाएंगे। कोरोना बाद की कमियों के लक्षण अलग-अलग हैं। एक आम शिकायत 'ब्रेन फॉग' है। इससे कामकाजी याददाश्त को नुकसान पहुंचा है। कोरोना से उबरे अनेक लोग छोटी-छोटी बातों को भूल जा रहे हैं। किसी बात पर मानसिक स्थिति स्पष्ट न होना, किसी बात पर ध्यान न लगना या मन एकाग्र न होने की समस्या भी देखी जा रही है। एक साथ कई काम करने में भी लोग तकलीफमहसूस कर रहे हैं। पहले लोगों का मन एक साथ अनेक कामों में लग जाता था, लेकिन अब लोगों को अपनी पुरानी कामकाजी शैली में लौटने में परेशानी हो रही है। चिंता इसलिए ज्यादा है, क्योंकि अभी इसके उपचार की कोई स्थापित विधि नहीं है। इसमें कोई शक नहीं है कि 'ब्रेन फॉग' व्यक्ति को समग्रता में कमजोर बना सकता है।

> “ डॉक्टर यह पुष्ट रूप से स्वीकार कर रहे हैं कि 12 मरीजों पर परीक्षण हुआ था और आठ मरीजों में कामयाबी मिली है। बहरहाल, कोरोना का असर शरीर के अन्य अंगों पर भी पड़ा है और प्रयोग हर ओर जारी है, किंतु नियमित दिनचर्या और सही जीवन-शैली के जरिये भी लोगों को कोशिश करनी चाहिए कि कोरोना महामारी के दुष्प्रभावों से बचा जाए।

येल विश्वविद्यालय के शोधकर्ता एक निश्चित नतीजे तक पहुंचने की कोशिश में हैं और अपने अध्ययन के दायरे को व्यापक बनाते जा रहे हैं। शोधकर्ताओं ने दो मौजूदा दवाओं के साथ अपने व्यापक अनुभव का उपयोग करते हुए शोध के शुरुआती साक्ष्य प्रकाशित किए हैं। ब्रेन फॉग मतलब मस्तिष्कीय कोहरे को समाप्त करने की निश्चित दवा की खोज जरूरी है। हो सकता है, यह कोरोना के बाद आई कोई मामूली कमी हो, जिसे आसानी से दवाओं के मार्फत कम किया जा सके। इस शोध में बड़ी संख्या में मनोचिकित्सक भी शामिल हैं। सबको पता है, कमजोर स्मरण शक्ति से पूरी मानवता और जीवन की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि कुछ दवाओं को प्रयोग में कारगर पाया गया है, लेकिन अभी बड़े पैमाने पर मरीजों में परीक्षण की जरूरत है। इस शोध से जुड़े डॉक्टर फेशरकी जादेह कहते हैं, उपचार में कमी है, पर अभी तक जो सफलता मिली है, उसका प्रसार जरूरी है। वह कहते हैं कि आपको शोध परीक्षण का हिस्सा बनने के लिए इंतजार करने की जरूरत नहीं है। आप चिकित्सक से पूछ सकते हैं, ये दवाएं सस्ती और व्यापक रूप से उपलब्ध हैं और अनेक देशों में अनुमोदित भी हैं। शोधकर्ताओं ने न्यूरोइम्यूनोलॉजी रिपोर्ट्स में अपने शोध को प्रकाशित कराया है और दुनिया भर में मनोचिकित्सकों के बीच चर्चा तेज हो गई है। डॉक्टर अर्नस्टेन कहते हैं कि मस्तिष्क में हाल ही में विकसित क्षेत्र, जिसे प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स कहा जाता है, नियमित कामकाज, कामकाजी स्मृति और ध्यान विनियमन का काम करता है। इस क्षेत्र में तंत्रिका सर्किट किसी भी तरह के सूजन और तनाव के लिए उल्लेखनीय रूप से कमजोर है। सर्किट की कार्य क्षमता जब बाधित होने लगती है, तब याददाश्त पर कोहरा छाने लगता है। एक दवा जिसे गुआनफासिन कहा जा रहा है, वह मस्तिष्क के इस हिस्से को सूजन या तनाव से बचाने में कारगर हो सकती है। डॉक्टर यह पुष्ट रूप से स्वीकार कर रहे हैं कि 12 मरीजों पर परीक्षण हुआ था और आठ मरीजों में कामयाबी मिली है। बहरहाल, कोरोना का असर शरीर के अन्य अंगों पर भी पड़ा है और प्रयोग हर ओर जारी है, किंतु नियमित दिनचर्या और सही जीवन-शैली के जरिये भी लोगों को कोशिश करनी चाहिए कि कोरोना महामारी के दुष्प्रभावों से बचा जाए।

## सुप्रीम कोर्ट ने फैसलों से दिया जवाब!

कार्यपालिका और न्यायपालिका में एक तरह से शीतयुद्ध जैसा माहौल हो गया है। सरकार की तरफ से केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजीजू और सोशल मीडिया के सरकारी योद्धाओं ने कमान संभाली है तो दूसरी ओर से खुद सर्वोच्च अदालत ने और उसकी मदद में हैं सुप्रीम कोर्ट के तमाम ऐसे वरिष्ठ वकील, जो सांसद बन गए हैं। मिसाल के तौर पर कानून मंत्री ने गुरुवार को संसद में लंबित मुकदमों, अदालत की छुट्टियों, जनहित याचिका आदि का मुद्दा उठाया और कहा है कि बड़ी संख्या में मुकदमे न्यायिक नियुक्तियों की मौजूदा कॉलेजियम प्रणाली की वजह से हैं और जब तक यह व्यवस्था नहीं बदलेगी, तब तक इस सिस्टम पर सवाल उठते रहेंगे। इसके तुरंत बाद कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी, मनीष तिवारी आदि ने संसद भवन के परिसर में कानून मंत्री और केंद्र सरकार दोनों पर निशाना साधा। पर असली बात खुद सुप्रीम कोर्ट की है। सुप्रीम कोर्ट ने भी अपने तेवर दिखाए हैं और यह तेवर टिप्पणियों में नहीं, बल्कि फैसलों में दिखा है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले देकर सरकार को बताया है कि सरकार उसके काम में दखल न दे। यह भी मैसेज दिया है कि अगर सरकार दिशा निर्देश देने की कोशिश करेगी तो न्यायपालिका उसके उलट काम करने के लिए भी स्वतंत्र है।

## सभी अजनबी हैं यहां

अजनबियों के इस संसार में हम हमेशा जान पहचान बढ़ाने की कोशिश में लगे रहते हैं। हमें जितने अधिक लोग जानते हैं, उतना हम सुरक्षित अनुभव करते हैं, या अहंकार पुष्ट होता है कि मैं कुछ हूं। किंतु हकीकत में जो जाने-पहचाने से लगते हैं, वे अजनबी ही होते हैं, क्योंकि जो पहचान है, वह नाम, परिवार, पता और व्यवसाय इस तरह की बाहरी चीजों की होती है। हम भी उसी को हमारी पहचान समझते हैं। लोग अगर वाकई एक-दूसरे को जानते होते, तो हर आदमी अकेला क्यों अनुभव करता? यह जान-पहचान, रिश्ते-नाते सब बाहर के हैं, सतही हैं। चारों तरफ फैले हुए बेशुमार लोग, फिर भी हर एक के अंदर गहन अकेलापन! जैसे विशाल समंदर में अथाह पानी, लेकिन एक बूंद भी प्यास नहीं बुझा सकती। इस विरोधाभास को कैसे सुलझाएं? इसके लिए अपने भीतर थोड़ा गहरे उतरना होगा। ओशो ने इस पर रोशनी डाली है कि यहां चीजों की प्रकृति ऐसी है कि हर कोई अकेला है। अकेलापन यहां होने का ढंग है, वस्तुओं का स्वभाव है। हर कोई अपने लिए ही जीता है। अत वह दूसरे के साथ हो नहीं सकता। जन्म और मृत्यु दो दरवाजे हैं, जिनके बीच हम छोटा सा नाटक खेलते हैं, जिसे जीवन कहते हैं। इस नाटक के लेखक भी हम, अभिनेता भी हम, दर्शक भी हम। इसका होश रखना बहुत जरूरी है अगर जीवन को समझना है और बेहोशी से जीना नहीं है। जीएं इतनी संपूर्णता से कि उस तीव्रता में स्वयं से परिचय हो जाएं।

हम जब रिश्ता बनाते हैं, तो वह दूसरे के व्यक्तित्व से। व्यक्तित्व बहुत बाहरी परत है। एक मुखौटा है, जो सभी ओढ़े रहते हैं। यह महज एक सामाजिक आवश्यकता है। व्यक्तित्व के भीतर जो बसा हुआ है, जो अकेलापन महसूस करता है, उससे हमारा परिचय नहीं होता। पहले अपने अंतस से परिचय हो जाए, तो आप दूसरे के भी अंतस से जुड़ सकते हैं। एक मजेदार अनुभव होता है। खुद से परिचय होना इतना आनंदपूर्ण है कि उसके बाद दूसरे आपको जानें या न जानें, इससे फर्क नहीं पड़ता। आप तृप्त हो जाते हैं। अपने से जुड़ने के बाद पता चलता है कि दूसरे आपको जान ही नहीं सकते, न आप किसी को जान सकते हैं। नाम-पता इत्यादि कपड़ों जैसा ओढ़ रखा है, उसे जानकर क्या करेंगे? कल कपड़े बदल जाएंगे, और आप नए कपड़े पहन लेंगे।

एक-दूसरे के साथ होना नदी-नाव संयोग है। कोई किसी का अकेलापन दूर नहीं कर सकता। समाज ऐसे हजारों अकेले लोगों का समूह होता है। आप कितना ही साथ रहें, उत्सव मनाएं, वापस आने पर अकेलापन मुंह बाए खड़ा रहता है। इसलिए इस अकेलेपन से दोस्ती करें, यह आपका स्वभाव है, यह आप ही हैं।

**अमृत साधना**

> “ वोट न तो विचारों पर मांगे जाते हैं और न ही मिलते हैं। ऐसे में, आम आदमी पार्टी से उसकी विचारधारा पूछना उसके साथ ज्यादती ही होगी। विचारों का सवाल तब आएगा, जब हम भारतीय राजनीति में विचारों की ठीक से प्राण-प्रतिष्ठा कर लेंगे। अगर बिना विचारधारा के वोट मिल सकते हैं, तो ऐसी पार्टियां बनेंगी ही, जिनकी कोई विचारधारा न हो। उन्हें आप कैसे रोक सकते हैं?

# विचारों से मुंह मोड़कर बढ़ती राजनीति

हरजिंदर, वरिष्ठ पत्रकार

जैसे यह राजनीतिक अस्तित्व की सबसे जरूरी शर्त हो। अब जब आम आदमी पार्टी ने गुजरात विधानसभा चुनाव में 12.9 फीसदी वोटों के साथ राष्ट्रीय दल बनने की अहर्ता हासिल कर ली है, उसकी विचारधारा के बारे में सवाल पूछे जाने लगे हैं। राजनीति के कई विद्वान, विश्लेषक और टिप्पणीकार इस बात से हैरत में हैं कि एक ऐसी पार्टी ने अपनी आधी अधूरी सफलताओं से राष्ट्रीय होने का दर्जा कैसे हासिल कर लिया, जिसकी कोई विचारधारा कहीं भी स्पष्ट नहीं नजर आती।

वैसे विचारधारा की यह पहेली आम आदमी पार्टी के जन्म के साथ ही उससे जुड़ी रही है। दिल्ली में हुए एक आंदोलन से जन्मे बच्चे का गोत्र पता नहीं, इसलिए उसकी राजनीति बहुतेरे पंडित लंबे समय से तय ही नहीं कर पा रहे! मुफ्त बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं जैसी नीतियों से जब कुछ लोग इस पार्टी को वामपंथी साबित करने के लिए निकलते हैं, तो उन्हें दिखाई देता है कि पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल चुनावी लाभ के लिए हनुमान चालीसा का सार्वजनिक पाठ कर रहे हैं। बहुत से लोग तो उसे भाजपा की बी-टीम ही मानते हैं, जबकि कुछ के लिए वह महज कांग्रेस द्वारा रिक्त किए जाने वाले स्थानों की पूर्ति कर रही है। वैसे एक दौर में कुछ लोगों ने उसे कांग्रेस का दत्तक पुत्र भी कहा था।

कुछ लोग मानते हैं कि यह पार्टी विचारधारा का दौर खत्म हो जाने के बाद जन्मी है। यह एक ऐसे दौर की उपज है, जब राजनीति में विचारधाराएं अप्रासंगिक हो चुकी हैं। एक के बाद एक आने वाली ज्यादातर सरकारें तकरीबन एक ही तरह से काम करती दिखाई देती हैं। फिर जिस तरह से और जिस तेजी से भारत की राजनीति में दलबदल होता है, उसे लेकर अक्सर कहा जाता है कि इस राजनीति में अगर कोई सबसे बड़ा वाद है, तो वह अवसरवाद ही है। जिसे हम लंबे समय तक समाजवादी समझते रहे, एक दिन अचानक पता चलता है कि वह हिंदुत्ववादी हो गया। कई बार इसका उलटा भी दिखाई देता है।



मार्च 2020 में कांग्रेस के युवा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जब पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थामा, तो राहुल गांधी ने उनके बारे में टिप्पणी की थी कि उन्होंने अपनी विचारधारा को छोड़ दिया है। तब कुछ लोगों ने चौंक कर पूछा था कि आखिर कांग्रेस की वह विचारधारा है क्या, जिसे ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बीच रास्ते छोड़ दिया? कांग्रेस देश की अकेली ऐसी पार्टी है, जिसकी विचारधारा हमेशा सवालों के घेरे में रही है। मगर यह कभी नहीं कहा गया कि कांग्रेस की कोई विचारधारा ही नहीं है। कांग्रेस के जितने विचार रहे हैं, उससे ज्यादा उसकी व्याख्याएं रही हैं। कुछ विद्वानों का विचार है कि कांग्रेस एक बड़े तंबू वाला दल है, जिसे आधुनिक राजनीतिशास्त्र की भाषा में 'बिग टैंट पार्टी' कहा जाता है। ऐसे दलों की विशेषता होती है कि उनकी छत्र-छाया में तरह-तरह की विचारधाराएं पलती और बढ़ती रहती हैं। कांग्रेस में वामपंथ से लेकर दक्षिणपंथ तक का पूरा स्पैक्ट्रम मौजूद रहा है। इसीलिए वह समय-समय पर अलग रंग में नजर आती है। आपको कौन-सा रंग नजर आ रहा है, यह इस पर भी निर्भर करता है कि आप उसे कहां खड़े होकर देख रहे हैं।

हम जिस समय यह बात कर रहे हैं, उस समय देश में जिस पार्टी का शासन है, वह साफ तौर पर खुद को हिंदुत्व विचारधारा की पार्टी मानती है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि कितना यह विचारधारा का मामला है और कितना चुनावी रणनीति का? कितना यह देश को बदलने का मामला है और कितना यह अपने लिए देश में एक स्थायी वोटर वर्ग तैयार करने का? मगर एक बात तय है कि पार्टी अपनी विचारधारा को उस तरह बख्तरबंद ढंग से अपने साथ लेकर नहीं चल रही, जैसे कि वामपंथी पार्टियां अपनी विचारधारा को लेकर चलती रही हैं। आपका कोई भी इतिहास रहा हो, आप किसी भी विचारधारा को मानने वाले रहे हों, आप किसी भी पार्टी के हों, अगर भाजपा को आपमें कुछ लाभ नजर आता है, तो आपका वहां स्वागत है। चुनाव में आपको पार्टी का टिकट भी मिल सकता है और मंत्री-मुख्यमंत्री का पद भी। देश के वामपंथी दलों में यह सुविधा किसी के लिए भी उपलब्ध नहीं है।

भाजपा को यहीं छोड़कर फिर लौटते हैं आम आदमी पार्टी की ओर। उसकी विचारधारा की बात करते हुए कुछ लोगों ने अमेरिकी समाजशास्त्री डेनियल बेल का भी हवाला दिया है। पिछली सदी के छठे दशक में डेनियल बेल ने एक किताब लिखी थी – द एंड ऑफ आइडियोलॉजी यानी विचारधारा का अंत। हालांकि, डेनियल बेल ने जो बात कही थी, उसका संदर्भ दूसरा था। आम आदमी पार्टी की जेब में कोई विचारधारा न होने को इससे जोड़कर नहीं देखा जा सकता। डेनियल बेल खुद अपने बारे में कहते थे– अर्थशास्त्र के मामले में मैं समाजवादी हूं, राजनीति के मामले में उदारपंथी और संस्कृति के मामले में मैं कट्टरवादी हूं। विचार और विचारधारा खत्म हो गई, यह बात उन्होंने सीधे तौर पर कभी नहीं कही।

पिछले छह सात दशक में पूरी दुनिया में यह धारणा बनी है कि बख्तरबंद विचारधाराओं का युग अब खत्म हो गया। लेकिन इसका अर्थ नहीं है कि किसी विश्व दृष्टि की जरूरत भी अब नहीं है। मूल्यों, अधिकारों और संसाधनों के इस्तेमाल को लेकर अलग-अलग नजरिये ही नहीं होंगे, तो लोकतंत्र का अर्थ भी क्या है। इसलिए जब किसी पार्टी से उसकी विचारधारा पूछी जाती है, तो आशय यही होता है कि इन चीजों के बारे में वह क्या सोचती है? दलितों को लेकर, पिछड़ों को लेकर, अल्पसंख्यकों आदि के सशक्तीकरण पर उसकी क्या राय है? गरीबी और बेरोजगारी उन्मूलन के लिए वह किस रास्ते को चुनना चाहती है? मगर ये सवाल हम उस समय पूछ रहे हैं, जब हमने राजनीति में विचारधाराओं को बेमतलब बना दिया है। तरह-तरह की राजनीति की शुरुआत भले ही जिस बड़े और महान लक्ष्य के साथ हुई हो, वह अब महज वोट बैंक पर सिमट गई है। वोट न तो विचारों पर मांगे जाते हैं और न ही मिलते हैं। ऐसे में, आम आदमी पार्टी से उसकी विचारधारा पूछना उसके साथ ज्यादती ही होगी। विचारों का सवाल तब आएगा, जब हम भारतीय राजनीति में विचारों की ठीक से प्राण-प्रतिष्ठा कर लेंगे। अगर बिना विचारधारा के वोट मिल सकते हैं, तो ऐसी पार्टियां बनेंगी ही, जिनकी कोई विचारधारा न हो। उन्हें आप कैसे रोक सकते हैं?

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# बेहिसाब धूम-धड़ाके के बीच कहां है भारतीय फुटबॉल

आनंदी बरूआ, पूर्व खिलाड़ी व फुटबॉल कोच

आज फुटबॉल के महाकुंभ की चर्चा चरम पर है। इस बार फीफा वर्ल्ड कप कई मायनों में खास रहा है। पहली बार एशियाई टीमें खासा मजबूत दिखी हैं। जापान, दक्षिण कोरिया, सऊदी अरब ने काफी अच्छा खेला। पहले भी जापान और दक्षिण कोरिया जैसी टीमें जीतती रही हैं, पर इस बार जिस तरह से उलटफेर हुए, वो लंबे समय तक याद रखे जाएंगे। कई खिलाड़ी भी उभरकर सामने आए हैं। स्पेन के मिडफील्डर गावी तो महज 18 साल के हैं और उन्होंने अपना पहला विश्व कप खेलते हुए पहले ही मैच में गोल दाग दिया। यह अपने तरह का एक रिकॉर्ड है। हालांकि, विश्व कप में सबसे कम उम्र में गोल करने का रिकॉर्ड अब भी ब्राजील के महान खिलाड़ी पेले के नाम है, जिन्होंने 17 साल की उम्र में ही यह कारनामा किया था। इसी तरह, अर्जेंटीना के एंजो फर्नांडिज की भी खूब चर्चा हुई, जिनको अपने खेल के बूते रियल मैड्रिड, मैनचेस्टर जैसे बड़े-बड़े क्लब के ऑफर मिल चुके हैं। अर्जेंटीना के जूलियन अल्वारेज, ब्राजील के विनिसियस जूनियर जैसे युवा खिलाड़ी भी इस विश्व कप की उपलब्धि माने जाएंगे।

इस फीफा कप की एक और उल्लेखनीय बात है कि इसमें काफी तेजी से गोल हुए हैं। फ्रांस के खिलाड़ी थियो हर्नांदेज ने तो दूसरे सेमीफाइनल में मोरक्को के खिलाफमैच शुरू होते ही महज चार मिनट 39 सेकंड में पहला गोल दाग दिया। इस गोल ने निस्संदेह फ्रांस की जीत की नींव रख दी थी। हालांकि, इस बार ब्राजील, उरुग्वे, जर्मनी जैसी कई अच्छी टीमें उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाईं। फाइनल में पहुंची अर्जेंटीना और फ्रांस, दोनों संतुलित टीम थीं और उन्होंने अच्छे खेल से सबका मन मोह लिया।



फुटबॉल विश्व कप को लेकर हम भारतीयों की दीवानगी छिपी नहीं है। मुझे याद है, इससे कहीं ज्यादा जोश 1950-60 के दशक में रहा करता था, जो एक मायने में फुटबॉल का स्वर्ण काल था। 1951 के एशियन गेम्स में हमने ईरान को हराकर सोना जीता और हम एशिया चैंपियन बने। हालांकि, 1952 में फिनलैंड में हमें करारी शिकस्त मिली, लेकिन उसकी एक बड़ी वजह यह थी कि वहां मौसम काफी ठंडा था और हमारे खिलाड़ी नंगे पैर फुटबॉल खेल रहे थे। उसके बाद ही ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने खिलाड़ियों के जूते अनिवार्य कर दिए। 1954 का मनीला एशियन गेम्स हमारे लिए बेशक अच्छा नहीं रहा, लेकिन 1956 के ओलंपिक खेलों में हमने हंगरी जैसी टीम को हराया था। जकार्ता का एशियन गेम्स (1962) भी हमारे लिए काफी अच्छा रहा और तमाम मुश्किलों के बाद हमने वहां स्वर्ण जीता। उस समय सैय्यद अब्दुल रहीम, पीके बनर्जी, अरुण घोष, चुन्नी गोस्वामी, तुलसीदास बलराम, मेवालाल जैसे खिलाड़ियों का ऐसा जलवा था कि उनको देखने के लिए लोग लालायित रहते थे। हालांकि, वह दौर जल्द ही खत्म हो गया, क्योंकि हमारे पास विदेशी मुद्राओं की कमी थी और भारत सरकार टीम को बाहर भेजने से बचने लगी थी।

वैसे, देखा जाए, तो सुविधाओं का आज भी अभाव है। फुटबॉल खिलाड़ियों को तुलनात्मक रूप से आज भी नौकरी के अवसर कम मिलते हैं। बुनियादी सुविधाओं की कमी है। यहां तक कि अच्छे मैदान भी नहीं हैं। दिल्ली में ही पहले राष्ट्रपति भवन तक में तीन-तीन मैदान होते थे, जहां हम खेलते थे और राष्ट्रपति खुद देखने आते थे। इससे हम खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ता था। मगर आज अच्छे मैदानों का अभाव है। यहां तक कि क्रोएशिया जैसे देश में सैकड़ों मैदान हैं। फिर, हम भारतीयों की सोच भी इस खेल के खिलाफ जाती है। स्कूल ही नहीं, अभिभावक भी अपने बच्चों को फुटबॉल सिखाने से बचते हैं। लियोनेल मेसी जैसे खिलाड़ी इसलिए तैयार होते हैं, क्योंकि महज पांच साल की उम्र में ही वे एकेडमी पहुंचते हैं। मगर अपने यहां तो दस-बारह साल में कोई बच्चा फुटबॉल खेलने की सोचता है। सरकार को इस तरफ जरूर ध्यान देना चाहिए। न सिर्फ फुटबॉल खिलाड़ियों के रोजगार की व्यवस्था हो, बल्कि स्कूलों को अपना मैदान फुटबॉल के लिए मुहैया कराने को कहा जाए। जब तक हमारे खिलाड़ी खेलेंगे नहीं, तब तक फीफा विश्व कप में पहुंचेंगे कैसे?

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# नशा मुक्तिः समीक्षा तो जरूरी है

रोहित कौशिक

हाल में दिल्ली में नशे के आदी एक युवक ने झगड़े के बाद अपनी मां, दादी, बहन और पिता की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। युवक कुछ दिन पहले ही नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र से लौटा था। गुरु ग्राम की एक कंपनी में काम करता था लेकिन महीने भर पहले उसने नौकरी छोड़ दी थी। दरअसल, नशे के आदी युवकों की सबसे बड़ी समस्या उनका मानसिक संतुलन बिगड़ जाना है। नशा जहां मानसिक रूप से पंगु बना देता है वहीं पारिवारिक कलह का कारण भी बनता है।

ज्यों-ज्यों नशे की लत के शिकार युवाओं की संख्या बढ़ती जा रही है, त्यों-त्यों नशा मुक्ति केंद्रों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। सवाल है कि कुकुरमुत्तों की तरह उग रहे नशा मुक्ति केंद्र क्या वास्तव में नशे की लत छुड़ाने के लिए ईमानदार प्रयास कर रहे हैं? दिल्ली में पूरे परिवार को मौत के घाट उतारने वाला युवक नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में कुछ समय बिता कर लौटा था। स्पष्ट है कि नशा मुक्ति केंद्र उसे मानसिक रूप से स्वस्थ और इतना मजबूत नहीं बना पाया कि ऐसी घिनौनी हरकत न करता। दरअसल, इस दौर में नशा मुक्ति केंद्र भी व्यावसायिकता के शिकंजे में हैं। ज्यादातर नशा मुक्ति केंद्रों के संचालकों एवं कर्मचारियों के भीतर समाजसेवा का भाव नदारद है। जब नशा मुक्ति केंद्र खोले जाते हैं, तो जताया जाता है कि ये केंद्र सामाजिक सरोकारों के लिए खोले जा रहे हैं, लेकिन धीरे-धीरे इन केंद्रों से सामाजिक सरोकार दूर होता चला जाता है। इसका स्थान व्यक्तिगत स्वार्थ ले लेता है। इसके कारण कई जगहों पर नशा मुक्ति केंद्र यातना केंद्र बन गए हैं। पिछले दिनों ऐसी अनेक घटनाएं प्रकाश में आई थीं जिनमें नशा मुक्ति केंद्रों के भीतर मरीजों से अनैतिक व्यवहार किया जा रहा था। कुछ समय पहले देहरादून के एक नशा मुक्ति केंद्र में एक ही कमरे में 35 लोगों को रखने की घटना प्रकाश में आई थी। देहरादून में एक अधिवक्ता ने आरटीआई के तहत सूचना मांगी तो खुलासा हुआ था कि कई केंद्रों का न तो पंजीकरण हुआ है, और न ही अन्य सुविधाएं जैसे प्रशिक्षित स्टाफ, सीसीटीवी कैमरे, दैनिक रजिस्टर और शिकायती रजिस्टर आदि हैं। देश के अनेक हिस्सों में ज्यादातर नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र कई तरह की अनियमितताओं के शिकार हैं। गौरतलब है कि 'सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय' के अंतर्गत चलने वाले 'नशा मुक्त भारत अभियान' में अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। मंत्रालय के एक सर्वेक्षण के अनुसार देश में 60 मिलियन से अधिक नशीली दवाओं के उपयोगकर्ता हैं, जिनमें बड़ी संख्या में दस से सत्रह वर्ष की आयु के युवा हैं। देश में 'नशा मुक्त भारत अभियान' कई स्वैच्छिक संगठनों की भागीदारी के साथ चल रहा है। इन संगठनों को सरकार की तरफ से वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है। इस अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। स्कूलों, उच्च शिक्षण संस्थानों और विविद्यालय परिसरों पर भी ध्यान केंद्रित करने का दावा किया जा रहा है। निश्चित रूप से सरकार के दावे अपनी जगह सही हैं, और वह इस दिशा में काम करती भी दिखाई दे रही है, लेकिन जमीन पर दावों की हकीकत कुछ और ही दिखाई देती है।

दरअसल, हमें समझना होगा कि नशा मुक्ति केंद्रों की व्यवस्था में थोड़ी सी भी लापरवाही इस संदर्भ में सरकारी नीतियों के ठीक ढंग से क्रियान्वयन में तो बाधा बनेगी ही, नशे की लत के शिकार युवाओं के भविष्य पर भी प्रश्न चिह्न लगाएगी। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि सरकार कोशिश करने के बाद भी नशा मुक्ति केंद्रों की स्थिति सुधार नहीं पा रही है। इन केंद्रों में व्यवस्था ठीक न होने कारण कई बार मरीजों एवं केंद्र संचालकों में टकराव की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है। देश के विभिन्न हिस्सों में कई नशा मुक्ति केंद्र तो अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। इन केंद्रों में न तो मनोचिकित्सक की व्यवस्था होती है, और न ही प्रशिक्षित कर्मचारी मनोवैज्ञानिक रूप से मरीजों का उपचार करने में सक्षम हो पाते हैं।

जब मरीज का मनोवैज्ञानिक रूप से उपचार नहीं होता है, तो वह भी जल्दी ही इन केंद्रों से अपना पीछा छुड़ाने की कोशिश करने लगता है। फलस्वरूप मरीज की स्थिति 'न घर के, न घाट के' वाली हो जाती है। ऐसे केंद्र मनोवैज्ञानिक रूप से उपचार करने का दावा तो करते हैं, लेकिन इस प्रक्रिया को गंभीरता के साथ क्रियान्वित नहीं कर पाते हैं। हालांकि कई नशा मुक्ति केंद्रों के संचालक यह शिकायत भी करते रहते हैं कि उन पर इतने नियम-कानून लाद दिए जाते हैं कि व्यावहारिक रूप से उन्हें पूरा करना संभव नहीं हो पाता। इस व्यवस्था से जो केंद्र संचालक ईमानदारी से इस क्षेत्र में काम करना चाहते हैं, वे हतोत्साहित होते हैं। बहरहाल, समय आ गया है कि सरकार और केंद्र संचालक व्यावहारिकता और ईमानदारी से इस दिशा में काम करें ताकि सार्थक परिणाम सामने आ सकें।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़


इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने बंदियों को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की दिलाई शपथ

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री व सतनामी समाज के जगतगुरु गुरु रूद्रकुमार राजधानी रायपुर के सेन्ट्रल जेल में आयोजित बाबा गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने सेन्ट्रल जेल परिसर में आयोजित बाबा गुरू घासीदास जयंती समारोह में जोड़ा जैतखाम की विधिवत पूजा-अर्चना कर श्वेत पालो चढ़ाया। मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने बंदियों को गुरु घासीदास जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने बंदियों को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में बंदियों ने पंथी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी।



समारोह को सम्बोधित करते हुए मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने कहा कि लोगों को संत शिरोमणि परमपूज्य गुरू बाबा घासीदास जी के संदेशों को आत्मसात् करें और उनके बताए हुए सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलें।

उन्होंने कहा कि हमेशा ऐसे कार्य करने चाहिए जिससे दूसरों को किसी प्रकार का दु:ख न हो। उन्होंने कहा कि लोगों को जीवन स्वेत पालो की तरह सफेद, स्वच्छ और साफ-सुथरा रखना चाहिए। सतनामी समाज का इतिहास बहुत ही संघर्ष से परिपूर्ण और गौरवशाली रहा है। जिसकी संपूर्ण जानकारी सतनामी समाज के वेबसाइट जगत गुरू सतनाम पंथ डॉट कॉम में उपलब्ध है। इस वेबसाइट के जरिए समाज के इतिहास को भलि-भांति जाना जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि प्रति वर्ष होने वाले इस भव्य आयोजन का विगत 02 वर्षो से कोरोना काल के कारण आयोजन नहीं हो पाया। गुरू घासीदास जयंती कार्यक्रम में सतनामी समाज के जगतगुरू गुरू रूद्रकुमार को अपने बीच देखकर जेल के बंदियों में बड़ा उत्साह और प्रसन्नता का माहौल था और बंदियों ने पूरे जोश-खरोश के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनभावक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर जेल अधीक्षक योगेश क्षत्री, जेलर एम.एम. प्रधान, जेल कल्याण अधिकारी निलेश पाण्डेय सहित बंदीगण उपस्थित थे।

### शपथ फाउंडेशन ने किया स्वागत

## समाज सेवा में अनुकरणीय कार्य के लिए बी पोलम्मा का नीति आयोग ने किया सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** केंद्र सरकार की नीति आयोग द्वारा भारत के सभी राज्यों के अलग-अलग क्षेत्र में समाज सेवा के लिए अनुकरणीय कार्य करने वाले व्यक्तियों का बायोडाटा एकत्र कर उसमें छटनी की गई थी उसमें छत्तीसगढ़ से 17 लोगों का बायोडाटा समाज सेवा के क्षेत्र में गया हुआ था जिसमें बेहतरीन कार्य के आधार पर श्रीमती बी. पोलम्मा का नाम चयनित हुआ था जिन्हें विगत सप्ताह मध्यप्रदेश भोपाल के निजी होटल में भारतीय सेना के मेजर जनरल तेजपाल सिंह रावत के कर कमलों से एक भव्य समारोह में भारत भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया।

ज्ञात हो की , सामाजिक संस्था शपथ फाउंडेशन भिलाई द्वारा इसी वर्ष 2022 में 2 फरवरी को आयोजित थैंक्यू भिलाई कार्यक्रम में समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु शपथ फाउंडेशन का सर्वोच्च सम्मान भिलाई रत्न से इन्हें नवाजा गया था ! आज इनके भिलाई आगमन पर शपथ फाउंडेशन अपने कार्यालय वैशाली नगर में एक सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर श्रीमती बी. पोलम्मा को साल श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ देकर उन्हें भिलाई स्टील सिटी को भारत देश में गौरवान्वित करने के लिए उनका गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया गया एवं आशा व्यक्त की गई कि भविष्य में भी उनके द्वारा समाज के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य करने हेतु राष्ट्रीय स्तर पर और अनेक पुरस्कार से भी नवाजा जाएगा ! आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ संरक्षक एवं पूर्व सीएसपी वीरेंद्र सतपति, बृजमोहन सिंह, केशव चौबे, अशोक गुप्ता, अमिताभ भट्टाचार्य, विकास जायसवाल, रश्मि सागर, उर्मिला उपाध्याय, जयश्री ठाकरे मनोज राय आशु महाजन, कन्हैया चुरहे, अरुण शर्मा, जितेंद्र हसवानी, ओमप्रकाश सिंह, अप्पल नायडू, संजीत चक्रवर्ती एवं शपथ फाउंडेशन के गणमान्य अतिथि उपस्थित थे !

## खास खबर

### पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने कोल माइंस के सुरक्षा अधिकारियों की ली मीटिंग

**कोरबा।** माइंस के सुरक्षा में तैनात सुरक्षा अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु थाना प्रभारियों को दिए निर्देश। पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह द्वारा एसईसीएल के खदानों में चोरी की घटनाओं को रोकने हेतु पुलिस अधीक्षक सभागार में एसईसीएल माइंस के सुरक्षा में तैनात एसईसीएल सुरक्षा, त्रिपुरा स्टेट राइफल्स एवं सीआईएसएफ के अधिकारियों सहित पुलिस अधिकारियों का मीटिंग लेकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। संतोष सिंह ने कहा कि एसईसीएल माइंस के आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी एसईसीएल के सुरक्षाकर्मी एवं एसईसीएल द्वारा तैनात किए गए त्रिपुरा स्टेट राइफल्स एवं सीआईएसएफ जवानों की है जिन्हें अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाना चाहिए।

### सरगुजा कमिश्नर डॉ. अलंग ने किया शक्कर कारखाना केरता का निरीक्षण

**सूरजपुर।** सरगुजा कमिश्नर डॉ संजय कुमार अलंग ने माँ महामाया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, अम्बिकापुर ग्राम-केरता का पेराई सत्र 2022-23 का निरीक्षण किया । उन्होंने कारखाना में चल रहे कार्य का अवलोकन किया और गन्ना पेराई, शक्कर उत्पादन व बायप्रोडक्ट आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कारखाना में बिजली तथा पानी की उपलब्धता की जानकारी तथा शक्कर गोदाम का भी अवलोकन किया। उन्होंने भ्रमण कर मिल हाऊस, बॉयलर, टरबाईन, मैन्युफैक्चरिंग विभाग में चीनी बानने प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली एवं कारखाने की सफल संचालन हेतु बेहतर प्रबंधन के निर्देश दिए। कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान केनयार्ड में गन्ना विक्रय किये गये भुगतान की संबंध में जानकारी ली।

## बाबा गुरू घासीदास ने दुनिया को सामाजिक समरसता का दिया संदेश : मंत्री अकबर

### मंत्री अकबर ने ग्राम तारो में सतनामी समाज भवन के लिए 5 लाख रुपए और ग्राम बंदौरा में पंथी नृत्य दल को 25 हजार रुपए देने की घोषणा की

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा। छत्तीसगढ़ सरकार के वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री तथा कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय सहित विभिन्न ग्रामों में आयोजित संत गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। कैबिनेट मंत्री श्री अकबर कवर्धा के बाबा घासीदास गुरुद्वारा में आयोजित जिला स्तरीय गुरू घासीदास जयंती समारोह में शामिल हुए। इसके साथ ही मंत्री अकबर ग्राम तारो, बंदौरा में आयोजित संत गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद ग्राम कुम्हारी और ग्राम नरोधी में आयोजित संत गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे।



मंत्री श्री अकबर की उपस्थिति में समाजिक गुरुओं तथा पुजारियों द्वारा गुरु घासीदास के छाया चित्र पर फूल माला अर्पण कर पूजा अर्चना की। इस दौरान मंत्री श्री अकबर ने ग्राम तारो में सतनामी समाज के भवन के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। ग्राम बंदौरा में पंथी नृत्य दल को 25 हजार देने की घोषणा की कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने बाबा गुरू घासीदास जयंती की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जैतखाम सतनामी समाज के सम्मान का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ में बड़ी पैमाने में संत गुरू घासीदास बाबा के अनुयायी, समर्थक और उनके समाज को मानने वाले है। उन्होंने कहा कि बाबा गुरू घासीदास जी ने दुनिया को सामाजिक समरसता का संदेश दिया है। संत गुरू घासीदास बाबा की जन्मस्थली गिरौधपुरी में कुतुबमीनार से ऊंचा जैतखाम बनाया गया है जो उनके प्रतीक है। आज समाज के विभिन्न कार्यक्रमों के शोभा यात्रा में गिरौधपुरी के मॉडल को रखा जाता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पूरे धूमदृधाम से संत गुरू घासीदास बाबा की जयंती हर साल मनाते है। बिलासपुर में गुरु घासीदास के नाम पर विश्वविद्यालय का नाम रखा गया है।

मंत्री श्री अकबर ने बताया कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 1 नवंबर राज्योत्सव में संत गुरू घासीदास बाबा के नाम से पुरस्कार का वितरण किया जाता है। यह पुरस्कार अनुसूचित जाति के क्षेत्र में उसके उत्थान और प्रगति के लिए कार्य करने वालों को प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि संत गुरू घासीदास बाबा कहते थे की कोई भी भूखा न रहे। इसी तर्ज पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सभी के लिए राशन कार्ड बनाया गया है। जिससे सभी नागरिकों को राशन मिल सके। कोई व्यक्ति भूखा नही रहेगा। इस अवसर पर अगम दास अनंत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि होरी साहू, मनरेगा के सदस्य कलीम खान, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवाराम साहू, श्रीमती गंगोत्री योगी, गणेश योगी, पार्षद भीखम कोसले, अशोक सिंह, उत्तम गोप, विजय पाण्डेय, राजकुमार तिवारी, लेखा राजपूत, विरेन्द्र जांगड़े, सहित जनप्रतिनिधि, समाज के पदाधिकारी उपास्थित थे। मंत्री अकबर ने कहा कि संत गुरू घासीदास बाबा ने मानव समाज को मानवता का संदेश देने के साथ ही एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है। संत बाबा गुरु घासीदास ने समूचे जगत के कल्याण का रास्ता दिखाया है। उनका सन्देश मनखेदृमनखे एक समान आपसी भाई चारा और सबको एक सूत्र में बांधकर रखने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि बाबा जी की अमृत वाणी को हम सभी अपने जीवन मे उतार कर जीवन को चरितार्थ कर सकते है।

## छत्तीसगढ़ गौरव दिवस: जनसंपर्क विभाग ने भैरमगढ़ और नैमेड़ में लगाया प्रदर्शनी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर ।** छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के अवसर पर 17 दिसंबर को बीजापुर जिले के सभी गौठानो, धान उपार्जन केन्द्र सहित नगरीय निकाय मे गौरव दिवस का आयोजन हुआ जिसमें कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा के मार्गदर्शन मे जनसंपर्क विभाग द्वारा भैरमगढ़ ब्लॉक के पुसनार गौठान एवं बीजापुर ब्लॉक के धान उपार्जन केंद्र नैमेड़ मे प्रदर्शनी सह सूचना शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लोगों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित प्रचार सामग्री का नि:शुल्क वितरण किया गया जिसमें मासिक पत्रिका, जनमन, जिले के विकास पर आधारित न्याय का छत्तीसगढ़ माडल पुस्तक सहित ब्राउसर पाम्पलेट इत्यादि का वितरण किया गया। पुसनार और नैमेड़ कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि विधायक श्री विक्रम मंडावी ने जनसंपर्क विभाग के प्रदर्शनी का अवलोकन किया। आम नागरिकों ने जनसंपर्क विभाग के प्रदर्शनी की सराहना करते हुए विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली।






## कैट सी.जी. चैप्टर का व्हाट्सअप से व्यापार पर सेमीनार का आयोजन कल

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं मीड़िया प्रभारी संजय चौंबे ने बताया कि 20 दिसम्बर मंगलवार को कैट सी.जी.चैप्टर का व्हाट्सअप से व्यापार पर सेमीनार का आयोजन दोपहर 3 बजे से चौधरी देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, द्वितीय तल, न्यू बाम्बे मार्केट रायपुर में किया जा रहा है।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं कैट सी.जी. चैप्टर के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्री परमानन्द जैन ने बताया कि 20 दिसम्बर मंगलवार को कैट सी.जी.चैप्टर का व्हाट्सअप से व्यापार पर सेमीनार का आयोजन किया जा रहा है। उपरोक्त सेमीनार में कैट के राष्ट्रीय महासचिव श्री प्रवीण खण्डेलवाल जी सहित व्हाट्सअप की प्रमुख तकनीकी टीम से सुश्री प्रियंका जैन जी (लीड-पेमेंट एण्ड़ फिांशियल इंकलुशन, व्हाट्सअप पॉलिसी) एवं सुश्री नेहा बजाज जी (पब्लिक पॉलिसी मैनेजर, व्हाट्सअप पॉलिसी) उपस्थित रहेगीं। तकनीकी टीम द्वारा व्यापारियों को व्हाट्सअप से व्यापार को कैसे बढ़ाया जा सकता है। कि जानकारी दी जायेगी। साथ ही व्यापारियों को व्हाट्सअप से व्यापार संबधित सभी समस्याओं का तकनीकी टीम द्वारा तत्काल निराकरण किया जायेगा। जिससे कि व्यापारियों को व्हाट्सअप में माध्यम से व्यापार करने में आसानी होगी। कैट सी.जी. चैप्टर प्रदेश के सभी व्यापारियों से उपरोक्त सेमीनार का लाभ उठाने की अपील करती है।







# बाबा गुरु घासीदास ने मानवता और भाईचारे का दिया संदेशः भूपेश बघेल

## अमरटापू धाम में मेला आयोजन के लिए प्रतिवर्ष मिलेगा 10 लाख रूपए

## अमरटापू में खुलेगा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल और नवीन धान खरीदी केन्द्र

## उप स्वास्थ्य केन्द्र का होगा प्राथमिक स्वास्थ्य के रूप में उन्नयन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। अमरटापू धाम में मेला आयोजन के लिए प्रतिवर्ष मिलेगा 10 लाख रूपएमुख्यमंत्री एक दिवसीय गुरू पर्व मेला कार्यक्रम में हुए शामिलअमरटापू में खुलेगा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल और नवीन धान खरीदी केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र का होगा प्राथमिक स्वास्थ्य के रूप में उन्नयन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज मुंगेली विकासखंड के ग्राम मोतिमपुर अमरटापू धाम में आयोजित एक दिवसीय गुरू पर्व मेला कार्यक्रम में शामिल हुए।




इस अवसर पर उन्होंने बाबा गुरु घासीदास अमरटापू मंदिर एवं जैतखाम का पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने लोगों को बाबा गुरु घासीदास जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मोतिमपुर में आयोजित होने वाले मेले के लिए प्रतिवर्ष 10 लाख रूपए देने, क्षेत्र के किसानों की सुविधा के लिए खरीफ विपणन 2023-24 में नवीन धान उपार्जन केन्द्र प्रारंभ करने, आमलोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उप स्वास्थ्य केन्द्र को प्राथमिक स्वास्थ्य के रूप में उन्नयन करने और विद्यार्थियों को अंग्रेजी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए मोतिमपुर अमरटापू धाम में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने और नवनिर्मित मंगल भवन के विस्तार हेतु 50 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि देने, संभागीय मुख्यालय में अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए छात्रावास और प्रयास स्कूल भवन के निर्माण की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने गुरूपर्व को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सभी बाबा गुरु घासीदास की जयंती हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। बाबा जी का संदेश है कि ''मनखे-मनखे एक समान'' इससे बढ़कर दूसरा कोई संदेश नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मानवता और भाईचारे का संदेश दिया है। जो आज भी सार्थक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा ने सत्य के रास्ते में चलने का संदेश दिया है। जैतखाम में सफेद ध्वज शांति भाई चारे का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार संत महात्माओं के बताए हुए रास्ते पर चल रही है। हमने जो कहा वह काम किया गया है, चाहे किसानों का कर्जा माफ हो, समर्थन मूल्य पर 2500 रूपए क्विंटल में धान खरीदी, बिजली बिल हॉफ इस तरह विभिन्न जनकल्याण का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था सुचारू रूप से जारी है। अब तक 58 लाख मीट्रिक धान की खरीदी की जा चुकी है। किसानों को धान खरीदी की राशि का भुगतान समय पर हो रहा है। इससे हमारे अन्नदाता किसान प्रसन्न हैं। गोधन न्याय योजना के तहत 02 रूपए किलो की दर से गोबर खरीदी की जा रही है, जिससे समूह की महिलाएं, गौपालकों के बैंक खाते मे पैसा जा रहा है। राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत सालाना मजदूरों को 7000 रुपए दी जा रही है। बैगा, भूमिया, नाई, लोहार, धोबी, पुरोहित जिनके पास जमीन नहीं है उन्हें भी इस योजना के तहत लाभांवित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आर्थिक रूप से उन्नति का रास्ता अपनाते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कल 17 दिसंबर को राज्य सरकार के 04 वर्ष पूर्ण होने पर 'मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा' योजना के लिए 100 करोड़ रूपए, सभी शालाओं, छात्रावासों, आश्रमों, शासकीय भवनों के रख-रखाव और उन्नयन के लिए एक हजार करोड़ रूपए और तकनीकी शिक्षा के स्तर में सुधार हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के उन्नयन के लिए 'स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट आईटीआई योजना' के तहत 1200 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि जनगणना के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था की गई है। हमारी सरकार ने अनुसूचित जाति को 13 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति को 32 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर ईडब्ल्यूएस को 4 प्रतिशत आरक्षण देने की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि 2021 की जनगणना अभी लंबित है, उसके पूर्ण होने के उपरांत जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

नगरीय प्रशासन मंत्री शिवकुमार डहरिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास की जयंती सतनामी समाज ही नहीं पूरा छत्तीसगढ़िया समाज द्वारा मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने सतनाम का जो रास्ता बताया है, जो संदेश दिया है, वह सभी समाज के लिए के लिए सार्थक है। बाबा घासीदास ने सभी समाज को लेकर चला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में लगातार विकास का कार्य हो रहा है। छत्तीसगढ़ की परंपरा, संस्कृति, खेल कूद को आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। राजीव युवा मितान क्लब के जिला समन्वयक एवं गुरू अमरदास सेवा समिति अमरटापू धाम (मोतिमपुर) के अध्यक्ष दुर्गा बघेल ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष थानेश्वर साहू, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, बिलासपुर नगर निगम महापौर रामशरण यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लेखनी सोनू चंद्राकर, नगर पालिका मुंगेली के अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजीत बनर्जी, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के सदस्य श्रीमती अंबालिका साहू, अनुसूचित जाति प्राधिकरण के सदस्य सुश्री रत्नावली कौशल, पूर्व विधायक चंद्रभान बारमते, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जागेश्वरी वर्मा, लोरमी जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती खुशबू आदित्य वैष्णव, गणमान्य नागरिक सहित, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## खास खबर...

### बाबा के गीत और धुन पर किया पंथी, युवा जमकर थिरके

**रायपुर।** शोभायात्रा में बाबा के मंगल भजन और गीत पर समिति और सतनामी समाज के लोगों ने जमकर पंथी नृत्य किया। इसमें महिलाएं और बच्चे शामिल रहे। वही युवाओं को टोली भी बाबा की धुन पर अपने आप को थिरकने से रोक नही पाए। इस मौके पर समिति की अध्यक्ष लता भागवत धृतलहरे, सीमा अजीत मांजरे, सविता ए डी देशलहरा, शांति सुभाष बंजारे, मधु समारू बंजारे, रामेश्वरी सुखनंदन बंजारे, पुष्पलता जी एल ओगरे, उर्मिला रेशम धृतलहरे, शांति जी एल राते, अमरीका कन्हैया कुर्रे, दाम्यांतिन होम डहरिया, कौशल्या के सी टंडन, लता रघुनाथ भारद्वाज, प्रमिला ज्ञानेश्वर सोनवानी, निर्मला बी एल मीरे, कमला शत्रुघन बंजारे, सुकृता आनंद लहरे, कामनी चरणजीत कोसले, हिरौंदी शंभू ढीढ़ी, गायत्री राजेंद्र वंदे, पार्वती गुरुदेव डहरिया, परमेश्वरी अश्वनी बबलू त्रिवेंद्र, सुनीता कामता बंजारे, यासमी गायकवाड, चंपादेवी हेतराम जांगड़े, सुधा कमल सोनवानी सहित सतनामी समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### कलेक्टर और एसपी ने गुरु गद्दी और जैतखाम की पूजा कर 3 दिवसीय गुरु घासीदास जयंती का किया शुभारंभ

**कोरबा ।** सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरु घासीदास की 266वी जयंती के अवसर पर सतनामी कल्याण समिति के द्वारा सतनाम प्रांगण टीपी नगर कोरबा में 3 दिवसीय गुरु पर्व का आयोजन किया जा रहा है। जयंती के प्रथम दिवस 17 दिसंबर को सीतामणी से टीपी नगर सतनाम प्रांगण तक शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा की समाप्ति पश्चात कलेक्टर संजीव झा और एसपी संतोष सिंह ने सतनाम प्रांगण में विधि विधान से गुरू गद्दी और जैतखाम की पूजा अर्चना कर तीन दिवसीय जयंती पर्व का शुभारंभ किया। साथ ही कलेक्टर और एसपी ने बाबा गुरु घासीदास के तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित और दीप प्रज्जवलित भी किया । कलेक्टर और एसपी के समक्ष पंथी नृत्य और सतनाम चौका भजन अमृतवाणी पंथी पार्टी बघमार जिला मुंगेली के द्वारा प्रस्तुत किया गया। भक्ति भाव से परिपूर्ण देर रात तक चले पंथी नृत्य ने कलेक्टर . एसपी सहित भारी संख्या में मौजूद दर्शकों का मन मोह लिया।

### सतनाम समाज के भवन में अतिरिक्त कक्ष और मंच की घोषणा

## बाबा गुरु घासीदास ने हमें जीवन जीने की कला सिखाई यह उनकी सबसे बड़ी देन, जो हमें राह दिखा रही है

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। कुम्हारी में जयंती पर गुरु बाबा घासीदास जी का पुण्य स्मरणसतनाम समाज के भवन में अतिरिक्त कक्ष और मंच की घोषणाउनके मूल्य सभी के लिए पथ प्रदर्शक हैं। बाबा गुरु घासीदास जी ने हमें जीवन जीने की कला सिखाई। यह उनकी सबसे बड़ी देन है जो हमें रास्ता दिखा रही है।



उनके मूल्य सभी के लिए पथ प्रदर्शक हैं। यह बात मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कुम्हारी में सतनाम समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कही।

मुख्यमंत्री ने कुम्हारी में समाज के भवन में अतिरिक्त कक्ष और मंच की घोषणा भी की। साथ ही नागरिकों की मांग पर जिम सामग्री भी वितरित की। इस मौके पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल के प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि गुरु घासीदास जी की जयंती हम हर साल उत्साह से मनाते हैं। महापुरुष अलग-अलग समय में जन्म लेते हैं और समाज को रास्ता दिखाते हैं। गुरु घासीदास जी ने कठोर तप किया और सत्य ही ईश्वर है का उद्घोष किया। गुरु जी ने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया। उनके संदेश की विशेषता थी कि सबको आसानी से समझ आ जाएं। सत्य के मार्ग पर चलने से ही शांति आती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के लिए हमने कार्य किया है। यहां कुम्हारी का गौठान ही देख लें, कितना सुंदर आजीविका गतिविधियों का काम हो रहा है। स्वामी आत्मानंद स्कूल के माध्यम से हम अंग्रेजी शिक्षा बढ़ा रहे हैं। अंग्रेजी के साथ हम छत्तीसगढ़ी और संस्कृत भी पढ़ा रहे हैं। बाबा जी के संदेश छत्तीसगढ़ी में है उन्हें भी हम सहेज कर रखें, इसके लिए छत्तीसगढ़ी भाषा पढ़ाने का भी कार्य हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने सभी सरकारी भवनों के जीर्णोद्धार के लिए एक हजार करोड़ रुपये की योजना बनाई है। आईटीआई के उन्नयन के लिए और यहां आधुनिक मांग के अनुरूप ट्रेड जोड़ने 12 सौ करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि इस बार अब तक 58 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है और इसका भुगतान किया गया है। भूमिहीन किसानों के लिए भी हम काम कर रहे हैं।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी का जो रास्ता है उस पर समाज को चलना है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल सभी वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

उनका छत्तीसगढ़ मॉडल पूरे देश में सराहा जा रहा है। इस मौके पर दुर्ग जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र साहू, नगर पालिका अध्यक्ष श्री राजेश्वर सोनकर एवं समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## इंद्रावती टाइगर रिजर्व में दिखा वन भैंसों का झुंड



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** इंद्रावती टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा छत्तीसगढ़ के राजकीय पशु वन भैंसा के जनसंख्या वृद्धि, संरक्षण एवं संवर्धन के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। बीजापुर जिले के इंद्रावती टाइगर रिजर्व में 6 वन भैंसों का झुंड हाल ही में देखा गया है।

इंद्रावती टाइगर रिजर्व के उप निदेशक श्री धम्मशील गणविर ने बताया कि वन भैसों के संरक्षण के लिए पेट्रोलिंग गार्ड व ग्रामीणों के साथ मिलकर निगरानी किया जा रहा है, ताकि इनका संरक्षण किया जा सके। इंद्रावती टाईगर रिजर्व क्षेत्र की सीमा महाराष्ट्र से लगे होने से वन भैसों का आवागमन दोनों क्षेत्रों में होता है। इसके लिए इंद्रावती टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा महाराष्ट्र राज्य के गड़चिरोली वन विभाग से समन्वय स्थापित किया जा रहा है, ताकि की साथ मिलकर वन भैंसे के संरक्षण और संवर्धन का कार्य किया जा सके।

भारत में वन भैंसा प्रमुखतः असम व छत्तीसगढ़ में पाया जाता है। वन भैंसा छत्तीसगढ़ में दुर्लभ एवं संकटग्रस्त प्रजातियों में से एक है। 2800 वर्ग किलोमीटर में फैले इंद्रावती टाइगर रिजर्व वन भैंसों के लिए उपयुक्त प्राकृतिक रहवास है, जिसके कारण यहा वन भैंसा अधिक संख्या में देखने को मिलते हैं।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243























# आप नही बन पा रही मां तो जाने एक्सपर्ट की राय

*आपने अक्सर देखा होगा कि आधुनिक महिलाओं को गर्भधारण करने में कई समस्याएं होती है। ऐसा कई कारणों से होता है। अगर महिला, सही समय पर अपना इलाज करवाती है तो उसे इस समस्या से छुटकारा मिल सकता है और जल्द ही उसे मातृत्व का सुख प्राप्त हो सकता है। हालांकि, इस बारे में एक्सपर्ट का मानना है कि वातावरणीय, मानसिक और शारीरिक अस्वस्थता भी इस मामले में अहम भूमिका निभाती है। जो विवाहित जोड़े हर समय तनावग्रस्त रहते हैं और उनके आपसी सम्बंध भी बहुत मधुर नहीं है, उनमें ऐसी समस्या होती है। इसके अलावा, जो महिलाएं वर्किंग होती हैं और उनका बाहर निकलना, उठना-बैठना ज्यादा होता है, वो कई प्रकार की आदतों को भी पाल लेती हैं जैसे- सारा दिन चाय पीना, कॉफी पीना, सिगरेट पीना या शराब का सेवन करना। ऐसी आदतों से गर्भधारण करने में कई दिक्कतें होती हैं। ऐसा नहीं कि सिर्फ महिलाओं के ऐसा करने से ही दिक्कत होती है बल्कि यदि पुरूष भी ऐसा करते हैं तो उनकी प्रजनन क्षमता पर असर पड़ता है। इससे उनके स्पर्म काउंट कम हो सकते हैं और महिला में कोई दोष न होने पर भी निषेचन की प्रक्रिया संभव नहीं हो सकती है।*



**लेकिन हम इस आर्टिकल में आपको बता रहे हैं कि आधुनिक महिलाओं को गर्भधारण करने में क्यूं दिक्कत होती है। इसके निम्नलिखित कारण हो सकते हैं:**

### ● बुरी आदतें लग जाना

अगर महिला को शराब और सिगरेट पीने की लत है या वह ड्रग्स लेती है तो इसका सीधा असर उसकी प्रजनन क्षमता पर पड़ता है। यही कारण है कि इन आदतों वाली महिलाओं को गर्भधारण करने में समस्या होती है।

### ● स्तनपान

यदि कोई महिला किसी बच्चे को स्तनपान करवाती है तो उसे गर्भधारण करना मुश्किल होता है क्योंकि ओव्यूलेशन की प्रक्रिया पर इसका प्रभाव रहता है।

### ● बहुत ज्यादा व्यायाम करना

एक अध्ययन से पता चला है कि जो महिला, सप्ताह में कम से कम 5 घंटे वर्कआउट करती हैं उनमें आसानी से गर्भधारण करना थोड़ा मुश्किल होता है।

### ● गर्भनिरोधक गोलियों का सेवन

अगर कोई महिला लम्बे समय से गर्भनिरोधक गोलियों का सेवन करती आ रही हो और अब उसे संतान चाहिए, तो तुरंत गर्भधारण करना मुश्किल होता है। इसमें कुछ समय लगता है। क्योंकि ये गोलियों हारमोन्स को परिवर्तित कर देती हैं।

### ● थॉयराइड

अगर किसी महिला को थॉयराइड की समस्या है और वह उसका सही से इलाज नहीं करवा रही है, तो मासिक धर्म से लेकर पूरी प्रजनन प्रक्रिया पर नकारात्मक असर पड़ता है। बच्चे के जन्म के चांसेस बहुत मुश्किल हो जाते हैं।

### ● कैफीन का अति सेवन

यदि महिला के शरीर में एक हद से ज्यादा कैफीन की मात्रा पहुंच जाती है तो गर्भाशय की मांसपेशियों में संकुचन आ जाता है और गर्भाशय तक स्पर्म के पहुंचने और अंडो के बनने की प्रक्रिया पर असर पड़ता है।

### ● कैफीन का अति सेवन

यदि महिला के शरीर में एक हद से ज्यादा कैफीन की मात्रा पहुंच जाती है तो गर्भाशय की मांसपेशियों में संकुचन आ जाता है और गर्भाशय तक स्पर्म के पहुंचने और अंडो के बनने की प्रक्रिया पर असर पड़ता है।

### ● सेक्स सम्बंधी समस्या

आधुनिक महिलाओं के आधुनिक विचारों और जरूरतों के कारण उनके कई पार्टनर होते हैं। इस कारण उनका गर्भधारण करना मुश्किल होता है। बहुत सारे लोगों से शारीरिक सम्बंध बनाने के कारण कई बार क्लैमाइडिया और गोनोरिहिया जैसी बीमारियां भी हो जाती हैं, जो प्रजनन अंगों को नुकसान पहुंचाती हैं।

### 8. पुरानी दवाईयां या इलाज

किसी प्रकार की दवाई का पहले से लगातार सेवन करने के कारण भी मां बन पाना मुश्किल होता है। क्योंकि शरीर में उच्च मात्रा में कोई तत्व पहुंच जाता है। ऐसे में महिला को गर्भधारण करने में सबसे ज्यादा समस्या होती है।

# सर्दियों में फुटवियर का अंदाज हो ऐसा

**दस्तक देने जा रही सर्दियों के लिहाज से फुटवियर में लेस अप बूट्स ट्रेंड में हैं। यह कहना है एक विशेषज्ञ का। ब्रांड सेंट जी के विशेषज्ञ रॉनी खन्ना ने सर्दियों में पैरों को स्टाइलिश फुटवियर से सजाने के लिए कुछ टिप्स दिए हैं।**

### ■ लेस अप बूट्स

सर्दियों के फैशन के लिए एक बड़ा ट्रेंड हैं लेस अप बूट्स। इनमें कई विकल्प मौजूद हैं जैसे कि ओवर द नी, बिलो द नी, एंकल लेंथ। लेस अप बूट्स को गर्मियों की सफेद लेसी ड्रेस के साथ लेदर जैकेट या ब्लेजर के साथ पहन सकते हैं। लेगिंग्स, टयुनिक और पिंट्रेड स्कार्फ के साथ ये शानदार लगते हैं।

### ■ कॉम्बैट बूट्स

खूबसूरत फ्लोरल ड्रेस के साथ कॉम्बैट बूट्स पहनें। यह कैजुअल लुक देते हैं। फेमिनिन ड्रेस को थोड़ा टफ लुक देते कॉम्बैट बूट्स इस मौसम के लिए बेहद अनुकूल हैं।

### ■ थाई-हाई बूट्स

मौसम के अनुकूल लुक के लिए आप थाई हाई बूट्स के साथ कोट पहन सकते हैं। काले या गहरे रंगों के साथ हल्के रंग के बूट्स पहनें, कॉन्ट्रास्ट के कारण यह लुक को शानदार बना देगा। अगर आप सादा परधिान पहनना चाहते हैं तो सजावटी बेल्ट या फ्रिंज वाला पर्स साथ में ले सकते हैं।

### ■ एंकल बूट्स

स्कर्ट के साथ लंबी जुराबें और एंकल बूट्स पहनें। इस लुक के साथ लेदर जैकेट भी पहनें। मैक्सी ड्रेस या स्कर्ट के साथ एंकल बूट्स शानदार लगते हैं।





टमाटर पौष्टिकता के साथ-साथ शरीर में विटामिन की कमी को पूरा करता है। यह सौंदर्य में निखार व चमक प्रदान करता है। यह प्राकृति का खूबसूरत तोहफा है। जिसके जरिए हम कई बीमारियों से ठीक हो सकते हैं। टमाटर शरीर को निरोग और शक्ति प्रदान करने में लाभकारी होता है। आयुर्वेद में टमाटर सेवन करने के अनेक फायदों को बताया गया है। तो आइये जानते हैं टमाटर के चमत्कारी गुणों को... टमाटर के केवल स्वास्थ्य के लिए ही फायदेमंद नहीं होता बल्कि यह और सौंदर्य को बढाने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है, जैसे-टमाटर के गूदे में कच्चा दूध व नींबू का रस मिलाकर चेहरे पर लगाने से चेहरे पर चमक आती है।

# कमाल के लाभ टमाटर के...



- टमाटर खाने से कब्ज की समस्या जड से खत्म हो जाती है क्योंकि टमाटर पाचन शक्ति को ठीक रखता है।
- आपके मसूडों से खून निकलता हो तो आप कच्चा टमाटर खाएं या फिर टमाटर का रस बनाकर उसका सेवन करें ऐसा करने से मसूडों से खून निकलने वाली समस्या दूर हो जाती है।
- यदि मुंह के छाले की समस्या से परेशान हों तो पानी में टमाटर के रस को डालकर कुला करें आपको मुंह के छालों की समस्या से मुक्ति मिलेगी।
- टमाटर में विटामिन ए होता है जो त्वचा के लिए तो अच्छा होता ही है, शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढता है। इसमें मौजूद फाइबर ब्लड शुगर के स्तर को भी कंट्रोल रखते हैं।
- टमाटर में मौजूद विटामिन सी और ई मोटापा घटाने में मदद करते हैं।
- टमाटर में मौजूद कैल्शियम और विटामिन हड्डियों के टिशूज की मरम्मत करने और उन्हें स्ट्रॉग बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसका नियमित सेवन ब्रेन हैमरेज को रोकने में भी बहुत प्रभावी होता है।
- टमाटर में सिर्फ एंटीऑक्सिडेंट ही मौजूद नहीं है, बल्कि फ्लैवोनोल्स ग्लायिकोसयिट्स और फैटी एसिड के तत्व भी होते हैं जो कार्डियोवास्कुलर के लिए चमत्कार है। यह रक्त संचार में अक्सीजन के प्रवाह को भी संतुलित करता है।



# मेथी के सेहतभरे लाभ

जाड़े के मौसम में ताजी हरी मेथी की सब्जी खाने का मजा ही कुछ ओर है। मेथी सेहत भरे से भरी होती है। भारतीय रसोईघर में मेथी का इस्तेमाल साधारणत: करी, मेथी के परांठे, सब्जी बनने में होता है। मेथी के बहुत सारे औषधीय गुण भी हैं, जिसके बारे में शायद बहुत कम ही लोग जानते हैं कि मेथी में प्रोटीन, आयरन, पोटेशियम, प्रोटीन, फाइबर, विटामिन सी आदि तत्व शामिल हैं।

मेथी के पत्तों का साग, रस व सूप रक्तवात गठिया, दृष्टिदोष और वातजन्य रोगशामक है। सूखें मेथी के बीजों की अपेक्षा मेथी की सब्जी कुछ ठंडी, पाचक, गर्भवती महिलाओं, वायुदोष के रोगियों के लिए अत्यंत हितकारी है।

एक शोध के अनुसार, मेथी की सब्जी या मेथीदाने के सेवन से रोगों को लाभ मिलता है।

मेथी का काढा बनाकर उसमें दो चम्मच शहद मिलाकर पीने से खांसी में आराम मिलता है।

मेथी के दाने बालों की जडों को मजबूत करते हैं और उसे पुनर्जीवित भी करते हैं इसमें प्रोटीन होता है, इसलिए मेथी दानों को अपनी डाइट में शामिल करने से आपके बाल खूबसूरत बनेंगे।

प्रतिदिन मेथी की सब्जी का सेवन करने से वायु, कफ और बवासीर में लाभ होता है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# अनुसूचित जातियों को 2021 की जनगणना के आधार पर मिलेगा आरक्षण - भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री ने भारत सरकार से 2021 की जनगणना शीघ्र कराने की मांग कीश्री बघेल लालपुर धाम में आयोजित गुरू पर्व मेला में हुए शामिललालपुर धाम के विकास के लिए एक करोड़ रूपए देने की घोषणा की राज्य शासन बाबा के बताए गए रास्ते पर चल रहा है।**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ बाबा गुरूघासीदास के बताए सत्य, अहिंसा, भाईचारा, बंधुत्व, समानता और सद्भाव के मार्ग पर चलकर तीव्र गति से विकास कर रहा है। उन्होंने आज मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड के ग्राम लालपुर धाम में बाबा गुरूघासीदास जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अनुसूचित जातियों को वर्तमान जनसंख्या के अनुसार 13 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने भारत सरकार से 2021 की जनगणना शीघ्र कराने की मांग करते हुए कहा कि नई जनगणना के अनुरूप अनुसूचित जाति को तत्काल आरक्षण प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में लालपुर धाम के विकास के लिए एक करोड़ रूपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने लालपुर धाम में आयोजित कार्यक्रम में सतनामी समाज के आस्था और विश्वास के प्रतीक जोड़ा जैतखाम और मंदिर की पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने लोगों को बाबा गुरूघासीदास जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाबा गुरूघासीदास ने सत्य पर चलने का रास्ता दिखाया है। राज्य शासन बाबा के बताए गए रास्ते पर चल रहा है। उनका सामाजिक समरसता का संदेश आज भी प्रासंगिक है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने अर्थव्यवस्था में मजबूती लाने का कार्य किया है। यहां किसानों को उनकी मेहनत का पूरा दाम मिल रहा है। उनका कृषि ऋण और सिंचाई कर माफ किया गया है। समर्थन मूल्य पर लघु वनोपजों तथा उड़द, मूंग और अरहर की खरीदी की जा रही है। गन्ना के खरीदी मूल्य में वृद्धि की गई है जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य आदि व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए जीर्ण-शीर्ण और मरम्मत योग्य स्कूलों तथा अन्य शासकीय भवनों की मरम्मत के लिए एक हजार करोड़ रूपए तथा तकनीकी शिक्षा की मजबूती के लिए 1200 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि बाबाजी के संदेश मानवता की सेवा का अनुकरण करते हुए राज्य शासन द्वारा देश में कोरोना के दौरान लागू लॉक-डाउन में गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वालों को तीन माह तक निःशुल्क राशन दिया गया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि बाबा गुरू घासीदास के बताए गए मार्ग पर चलकर हमें आगे बढ़ना है, तभी छत्तीसगढ़ राज्य आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की परम्परा और संस्कृति को आगे बढ़ाने और सामाजिक समरसता को बनाए रखने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने नवा रायपुर में गुरूघासीदास शोध पीठ और संग्रहालय की स्थापना तथा प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए अनुसूचित जाति के मेधावी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराने हेतु भूमिपूजन किया है। इनकी स्थापना से समाज के युवाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।




## खास खबर

### सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर ने बांधा समां, हजारों की तादात में उमड़ी भीड़

**महासमुंद।** संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के चार साल के सफल कार्यकाल पूरा होने पर विनोद चंद्राकर फैंस क्लब द्वारा आयोजित सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर के कार्यक्रम ने समां बांध दिया। वहीं संबलपुरी सुपरस्टार रूकू सोना की प्रस्तुतियों ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। देररात तक संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर सहित लोगों ने कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। शहर के हाईस्कूल मैदान में संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनाल चंद्राकर के चार साल के सफल कार्यकाल पूरा होने पर आयोजित सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर व संबलपुरी सुपरस्टार रूकू सोना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव चंद्राकर ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभांरभ किया। जय हो, जय हो छत्तीसगढ़ मैया गीत से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। बाद इसके संसदीय सचिव चंद्राकर के चार सालों में क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया गया। अपने संबोधन में संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि आज छग में कांग्रेस की सरकार बने चार साल हो गए। इन चार सालों में क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव प्रयास किया है।

# रचनात्मक समाज की स्थापना में दूत बनें युवा- मंत्री सिंहदेव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अम्बिकापुर। राजीव युवा मितान क्लब का जिला स्तरीय सृजन शिविर का आयोजन रविवार को राजमोहनी देवी भवन के प्रांगण में आयोजित किया गया। शिविर में क्लब के सदस्यों को क्लब गठन के उद्देश्य, सदस्यों की भूमिका आदि पर विस्तृत जानकारी दी गई।**




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि खेलकूद के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में सहभागिता तथा शासन की योजनाओं को क्लब के सदस्यों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने के लिये राजीव युवा मितान क्लब के गठन किया गया है। युवा अपनी सकारात्मक ऊर्जा से एक रचनात्मक समाज की स्थापना में दूत की भूमिका निभा सकते है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी परंपरा और संस्कृति के प्रति गौरव की अनुभूति होनी चाहिए। हर समाज की पहचान उसकी सांस्कृतिक धरोहर होती है। इसे सहेज कर रखना होगा और इसके लिए युवाओं को आगे आना होगा।

उन्होंने कहा कि क्लब के सदस्य अपने आपको एक दबाव समूह के रूप में माने और जनता की समस्याओं को सामने लाने का काम करें।

खाद्य मंत्री श्री अमरजीत भगत ने कहा कि राजीव युवा मितान क्लब के गठन से गांव में खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रियता दिखाई देने लगा है। ग्रामवासी भी उत्साहित हैं। छतीसगढ़िया ओलम्पिक में युवा मितान क्लब द्वारा ग्रामीणों को पारंपरिक खेलों में शामिल कर उनके उत्साह को और बढ़ाया। क्लब के सदस्य लोगों की समस्याएं से अवगत होकर निराकरण के लिए जनपद के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करें। समाज को नई दिशा देने में क्लब के माध्यम से युवा शक्ति सकारात्मक भूमिका निभाएं।

लुण्ड्रा विधायक डॉ प्रीतम राम ने क्लब के गठन को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि विगत 6 माह में क्लब ने अच्छा काम किया है। गांव-गांव में खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन से ग्रामीणों में उत्साह है।

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने क्लब गठन के उद्देश्य और सदस्यों की भूमिका के बारे में बताते हुए कहा कि 439 ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकाय के 52 वार्डों में क्लब के गठन किया गया है जिसमें 13 हजार 659 सदस्य है। सभी सदस्य शासन की योजनाओं को अधिक से अधिक लोगां तक पहुंचाएं। युवाओं को कौशल विकास व स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करें। गोठान में रीपा के तहत कई उद्यम स्थापित कर सकते हैं। जिला पंचायत के उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव व राजीव युवा मितान क्लब के जिला समन्वयक शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने क्लब गठन के उद्देश्य, सदस्यों के दायित्व, कार्य आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

मुख्यमंत्री की बड़ी घोषणा

# संभागों में खुलेंगे अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के लिए नए प्रयास विद्यालय और छात्रावास

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरू बाबा घासीदास की जयंती पर अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने राजधानी रायपुर आयोजित कार्यक्रम में सभी संभागीय मुख्यालयों में अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए प्रयास विद्यालय प्रारंभ करने की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने इन वर्गों के लिए पृथक-पृथक छात्रावास तथा नगर निगम रायपुर द्वारा पेंशन बाड़ा स्थित अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास में 50 लाख रूपए की लागत से ई-लाईब्रेरी प्रारंभ करने की घोषणा की ।**




मुख्यमंत्री बघेल ने शासकीय आदर्श पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास पेंशनबाड़ा में आयोजित बाबा गुरू घासीदास जंयती समारोह में कहा कि गुरुघासीदास जी एक ऐसे संत थे जिन्होंने मानवता को बचाने के लिए मानव-मानव एक समान का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने समाज में फैली कुरूतियों को दूर करने के लिए समानता, भाईचारा, प्रेम और सद्भाव का भी संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गुरू घासीदास जी एकमात्र संत हैं, जिन्होंने छत्तीसगढ़ी में उपदेश दिया। उन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा बोली को आगे बढ़ाने का काम किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में कौन व्यक्ति, कहां, किस धर्म में, किस स्थान में जन्म लेगा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। हम अच्छी शिक्षा से व्यक्तित्व को निखार सकते है और जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते है। छत्तीसगढ़ सरकार भी बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण अच्छी शिक्षा देने के लिए प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि बस्तर में बंद 260 स्कूल हमने पुनः शुरू किया है। बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके इसलिए 279 स्वामी आत्मानंद उत्कृट अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले। हमारी सरकार ने बड़ी संख्या में 1998 के बाद पहली बार इतनी बड़ी संख्या में शिक्षकों की भर्ती की है। उन्होंने कहा प्रदेश के शाला भवनों, आश्रमों एवं छात्रावासों के कायाकल्प के लिए एक हजार करोड़ रूपए स्वीकृत किया है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के लिए भी छत्तीसगढ़ सरकार राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत् प्रति वर्ष 7 हजार रूपए की राशि दे रही है।

नगरीय निकाय एवं श्रम मंत्री डॉ. शिव डहरिया और संसदीय सचिव श्री चन्द्रदेव राय ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

# देश को आजाद कराने में शहीद वीर नारायण सिंह का महत्वपूर्ण योगदान-मंत्री अकबर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर आज शासकीय पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, भोरमदेव रोड में आयोजित शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। मंत्री श्री अकबर ने सर्व प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण कर उन्हे नमन किया।**




मंत्री श्री अकबर ने कहा कि वीर नारायण सिंह को छत्तीसगढ़ में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में जाना जाता है। छत्तीसगढ़ में अंग्रेजों के खिलाफ बगावत का बिगुल शहीद वीर नारायण सिंह ने फूंका था। उन्होंने गरीबों के उत्थान और आदिवासियों समाज के विकास के लिए कार्य करते रहे। शहीद वीर नारायण सिंह देश को आजाद कराने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वे अंग्रेजो से लड़ाई लड़ते हुए 10 दिसंबर 1857 को शहादत मिली। उनके बलिदान दिवस पर उन्हें याद करके हम गौरवान्वित महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार शहीद वीर नारायण सिंह के आदर्शों पर चलकर गांव, गरीब और किसानों के कल्याण में जुटी हुई है। किसानों का सर्वागीण विकास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंत्री श्री अकबर ने बताया कि छत्तीसगढ़ का पहला अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम शहीद वीर नारायण सिंह के नाम पर रखा गया है। देश विदेश से आने वाला खिलाड़ी शहीद वीर नारायण सिंह को याद करते है। शहीद वीर नारायण सिंह के नाम पर राज्योत्सव में पुरस्कार भी दिया जाता है।

नगर पालिका अध्यक्ष श्री ऋषि शर्मा ने कहा की जिले के सूदुर और दुर्गम पहाडियों के बीच निवासरत विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति शासन के योजनाओं के माध्यम से मुख्यधारा से जुड़ने लगे है। विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति के आर्थिक उत्थान और रोजगार के लिए नए रास्ते खोले है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े हुए विशेष पिछड़ी जनजातियों को सामाजिक उत्थान की दिशा में इस वर्ग के पढ़े लिखे 80 बैगा युवाओं को शासकीय सेवा में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति के 110 शिक्षित बेरोजगारों को शासकीय स्कूलों में शाला संगवारी के रूप में पदस्थ कर रोजगार दिया जा रहा है। इस अवसर पर पार्षद श्री मोहित माहेश्वरी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि होरी साहू, मनरेगा के सदस्य कलीम खान, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवाराम साहू, श्रीमती गंगोत्री योगी, गणेश योगी, पार्षद अशोक सिंह, श्रीमती सुशीला धुर्वे, विजय पाण्डेय, राजकुमार तिवारी, सनत जायसवाल, लेखा राजपूत, सहित जनप्रतिनिधि, शासकीय पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास के छात्र, पूर्व छात्र उपास्थित थे। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत शहीद वीर नारायण सिंह अंग्रेजों से लोहा लेते हुये 10 दिसम्बर 1857 को वीरगति को प्राप्त हुए थे। उन्हें 1857 के क्रांति में छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होने का गौरव प्राप्त है। सोनाखान शहीद वीर नारायण सिंह की जन्मभूमि एवं कर्मभूमि है। राज्य सरकार सोनाखान को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने लिए प्रतिबद्ध है।

# जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी में लोगों को शासकीय योजनाओं की दी गयी जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा। राज्य शासन के 4 वर्ष पूरा होने के पर 17 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। इस उपलक्ष्य में जनसंपर्क विभाग द्वारा 17 और 18 दिसंबर को टीपी नगर स्थित सतनाम प्रांगण में विकास फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। दोनो दिन नागरिकों ने प्रदर्शनी स्थल में आकर विकास फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया।**



प्रदर्शनी में लोगों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गयी। इस दौरान प्रदर्शनी के पहले दिन 17 दिसंबर को कलेक्टर संजीव झा और पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह भी प्रदर्शनी स्थल पहुंचे थे। इस दौरान कलेक्टर और एसपी ने प्रदर्शनी में फोटो के माध्यम से प्रदर्शित किए गए विभिन्न योजनाओं का अवलोकन किया। साथ ही जनमन पत्रिका, न्याय के चार साल, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक और योजनाओं की जानकारी युक्त पैंपलेट्स आदि पत्रिकाओं का अध्ययन किया। कलेक्टर झा ने कहा कि योजनाओं की जानकारी होने से नागरीकगण जागरूक और लाभान्वित होंगे। कलेक्टर और एसपी ने बेहतर ढंग से योजनाओं की जानकारी देने लगाए गए विकास फोटो प्रदर्शनी के आयोजन की सराहना की। प्रदर्शनी में योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देने के लिए जनमन पत्रिका, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक, न्याय का नया अध्याय, सेवा जतन सरोकार सहित विभिन्न योजनाओं से संबंधित पाम्पलेट्स, ब्रोसर का भी निःशुल्क वितरण किया गया। प्रदर्शनी में आये युवा, बुजुर्ग, बच्चे एवं महिलाओं ने योजनाओं से संबंधित पुस्तिकाओं का अवलोकन कर अपने पास रखे। फोटो प्रदर्शनी में राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, बिजली बिल हाफ योजना, कृषि ऋण माफी योजना सहित श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना आदि की जानकारी फोटो के माध्यम से दी गयी। उल्लेखनीय है कि पहले चरण में 17 से 18 दिसंबर तक दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का आयोजन सतनाम प्रांगण टीपी नगर( इंदिरा स्टेडियम) के सामने किया गया। फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी नागरिकों को प्रदान की गई। दूसरे चरण में 19 दिसंबर को जनपद कार्यालय कटघोरा, 20 को जनपद कार्यालय पाली, 21 को जनपद कार्यालय करतला और 22 दिसंबर को जनपद कार्यालय पोंडी उपरोड़ा में फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी स्थल में राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यगण भी शामिल होकर शासकीय योजनाओं की जानकारी देंगे।


Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# राजनांदगांव में सीडब्ल्यूसी मेंबर की हत्या शव जंगल में फेंककर चेहरा भी जलाया

■ प्रेमी के साथ मिलकर प्रेमिका ने दिया घटना को अंजाम, गिरफ्त में आरोपी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव। पुलिस ने ष्टङ्खष्ट मेंबर की हत्या के मामले में प्रेमी जोड़े को गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में हत्या के आरोपियों ने चौंकाने वाले खुलासे किए। दरअसल यह पूरा हत्याकांड प्रेम त्रिकोण का नतीजा है। सीडब्ल्यूसी मेंबर की हत्या युवती ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर किया और शव को ड्रम में भरकर ठिकाने लगाया। यहीं पहचान छिप जाए इसके लिए शव के चेहरे को भी जला दिया। राजनांदगांव पुलिस ने इस पूरे मामले का रविवार को खुलासा किया।**





बता दें राजनांदगांव कोतवाली थाने में बुधवार को बाल कल्याण समिति के सदस्य चंद्रभूषण ठाकुर (55) के लापता होने की शिकायत मिली थी। पुलिस लगातार उसकी तलाश में लगी रही। इस बीच शुक्रवार को पता चला कि डोंगरगढ़ के बोरतलाब के जंगल में एक शख्स की लाश मिली है, जिसका चेहरा बुरी तरह से जला हुआ था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त की तो पता चला यह चंद्रभूषण ठाकुर की लाश है। इसके बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

इसके बाद पुलिस जांच में जुटी। चंद्रभान के मोबाइल लोकेशन की जांच करने पर आखिरी बार इसका लोकेशन लाभिनी साहू नाम की युवती के घर के आसपास मिला। पुलिस जांच में यह भी पता चला कि मृतक चंद्रभान को लाभिनी के साथ कई बार देखा गया। इसके बाद पुलिस ने लाभिनी साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस पूछताछ में सारा सच बाहर आ गया। लाभिनी ने अपने प्रेमी नूतन साहू के साथ मिलकर चंद्रभूषण की हत्या की थी।

## पैसे के लेनदेन की बात आई सामने, वापस मांगने पर की थी हत्या

पुलिस पूछताछ में आरोपिया ने बताया कि सीडब्ल्यूसी (बाल कल्याण समिति) में उसके पति के साथ विवाद के मामले में काउंसलिंग हो रही थी। इस दौरान उसकी मुलाकात चंद्रभूषण से हुई थी। दोनों में नजदीकिया बढ़ गई। इस बीच चंद्रभूषण ने लाभिनी को फुड स्टॉल खोलने के लिए पैसे भी दिए थे। सबकुछ ठीक चल रहा था लेकिन गड़बड़ तब हुई जब चंद्रभूषण को लाभिनी के प्रेमी बारे में पता चला। इसके बाद दोनों के बीच विवाद होना शुरू हुआ। चंद्रभूषण अब अपने पैसे लौटाने के लिए लाभिनी पर दबाव बनाने लगा। लगातार दबाव बढ़ता देख बुधवार को लाभिनी ने चंद्रभूषण को अपने घर बुलाया और अपने प्रेमी नूतन के साथ मिलकर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को एक प्लास्टिक ड्रम में भरकर मृतक की एक्टिवा से ही जंगल पहुंचे और शव को फेंककर उसे नग्न किया और चेहरे को आग लिया। पुलिस ने सीसी टीवी फुटेज भी बरामद किया है जिसमें दोनों शव को ले जाते दिख रहे है। खासबात यह है कि जिस एक्टिवा में शव को ले जा रहे थे वह भी मृतक की ही बताई जा रही है। फिलहाल आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है।

## खास खबर

### बस- कार की टक्कर से धड़ से अलग हुआ महिला का सिर, बस छोड़कर चालक फरार

**धमतरी।** रविवार को धमतरी जिले में दर्दनाक हादसा हुआ। हादसा इतना भयानक था कि बस की टक्कर से कार के परखच्चे उड़ गए। कार सवार महिला का सिर धड़ से अलग होकर 50 फीट दूर जा गिरा। वहीं इस हादसे में कार सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ लग गई। डर के मारे बस चालक फरार हो गया। हादसे के सूचना के बाद मौके पर पहुंच पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और शव को पीएम के लिए भेजा। यह हादसा जिले के दुगली थाना क्षेत्र में हुआ है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह घटना रविवार सुबह 9 बजे के आस-पास की है। गरियाबंद के छुरा निवासी नेहरू देवांगन (60) अपनी पत्नी मधु देवांगन (55) और बेटे शशांक देवांगन (30) के साथ सिंगपुर होते हुए धमतरी जा रहा था। यह सभी कार में सवार थे। सिंगपुर मोड़ पालवाड़ी के पास इनकी कार तेज रफ्तार बस की चपेट में आ गई। बस ने कार की खिड़की की तरफ से टक्कर मार दी।

जिस समय यह टक्कर हुई उस समय मधु देवांगन अपना सिर बाहर कर नजारा देख रही थाी जिसके कारण खिड़की का एक हिस्सा महिला के गले में घुसा और उसका सिर धड़ से अलग हो गया। इससे सिर सड़क पर 50 फ्ट दूर जा गिरा। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में नेहरू देवांगन व उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद बस चालक तुरंत मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि बस धमतरी रोडवेज है।

### प्रतिबंध के बाद भी बेच रहे थे मांस, निगम ने लगाया जुर्माना

**भिलाई।** गुरु घासीदास जयंती पर मांस और मदिरा विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया था। बावजूद इसके भिलाई में मांस का विक्रय किया जा रहा था। शिकायत के बाद बेचने वालों पर जुर्माना लगाया गया। भिलाई निगम ने यह कार्रवाई की। अधिकारियों ने बताया कि मांस विक्रय करने वाले सभी क्षेत्रों का निरीक्षण प्रतिबंधित दिवस पर निगम की टीम के द्वारा किया गया। सघन निरीक्षण के दौरान निगम की टीम ने पाया कि वैशाली नगर क्षेत्र अंतर्गत अंबेडकर नगर सद्भावना चौक, भगवा चौक एवं स्पोर्ट्स क्लब के बाजू में मांस विक्रय किया जा रहा था।

नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर मांस विक्रय बंद कराया तथा चलानी कार्रवाई भी की। इस दौरान निगम की टीम ने कुल 14000 रुपए जुर्माना वसूल किया।

### सड़क हादसे में अधेड़ की मौत, युवक घायल

**भिलाई।** रविवार की सुबह भिलाई तीन चरोदा जीआरपी चौकी के पास हादसे में बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की हलत गंभीर बताई जा रही है जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

पुरानी भिलाई पुलिस ने जीआरपी चौकी चरोदा के पास रविवार सुबह लगभग 10 बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से राजनांदगांव के उरई डबरी गांव निवासी ठाकुर प्रसाद साहू (52) की मौत हो गई। वह अपनी बाइक सीजी 08 एएल 6876 से रायपुर की ओर जा रहा था। उसके साथ एक युवक भी मौजूद था जो गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### कुछ दूरी पर मिला एक और शव

रविवार को ही जीआरपी चौकी से कुछ दूरी पर हनुमान मंदिर के पास खून से लथपथ शव मिला। बाइक सवार युवक सीजी 07 बीपी 2594 में सवार होकर रायपुर से भिलाई की ओर आ रहा था। युवक को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। युवक की पहचान नहीं हो पाई है। पुरानी भिलाई पुलिस ने दोनों ही मामलों में जांच कर रही है।

# महादेव बुक का शातिर गिरफ्तार : साथी की गिरफ्तारी के बाद हो गया था फरार

■ 8 माह बाद पकड़ाया आरोपी, सुपेला पुलिस की कार्रवाई

**भिलाई।** पुलिस की आंखों में धूल झोंककर 8 माह से फरार आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा है। आरोपी का एक साथी पहले ही पकड़ाया था उसकी गिरफ्तारी के बाद से ही यह फरार था। सुपेला पुलिस ने लंबी पतासाजी के बाद आखिरकर आरोपी साहिल महिलांग को गिरफ्तार किया।



सुपेला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 13 अप्रेल 2022 को हरिकांत द्विवेदी ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि मनीष मिश्रा एवं साहिल महिलांग ने उनका मेरा यश बैंक में धोखे से उनका खाता खुलवाया। इसके बाद जिसमें बडी रकम की लेन देन होने की ईमेल (मेसेज) आ रहा था। यश बैंक में जाकर पता करने पर उसी दिन मनीष मिश्रा द्वारा उनके चेक से 3 लाख 85,000 रुपए निकाले जाने की जानकारी मिली। इसके बारे में मनीष मिश्रा से पूछने पर विवाद किया। थाने में शिकायत होने पर मनीष मिश्रा को गिरफ्तार किया गया। मनीष का एक साथी साहिल महिलांग फरार हो गया था। आरोपी पुलिस के डर से लगातार पता बदल-बदल कर लुकता छिपता रहा। अंततः सुपेला पुलिस की कड़ी मेहनत से रविवा को आरोपी साहिल महिलांग को गिरफ्तार किया गया है जिसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार शर्मा, चौकी प्रभारी स्मृति नगर उप निरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव, आर विकास तिवारी, आर तुषार, आर संजीव ओझा, आर जय नारायण यादव, आर जुनैद सिद्धीकी का विशेष योगदान रहा।

# आधी रात बेजुबानों को बचाने गए युवक पर ट्रक चालक ने चढ़ाई गाड़ी

■ एक की मौत, एक युवक गंभीर रूप से घायल, लोगों ने किया जमकर हंगामा

श्रीकंचनपथ न्यूज




**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में मवेशी तस्करी की सूचना पर बेजुबानों की जान बचाने गए युवकों पर एक मालवाहक चालक ने गाड़ी चढ़ा दी। इससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। घटना रविवार देर रात सुरगी-ढोढिया मार्ग की है। जहां पर मवेशी तस्करी होने की सूचना पर पहुंचे इंदिरा नगर निवासी 30 वर्षीय संदीप साहू की मालवाहक की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं रिंकू मंडावी गंभीर रूप से घायल है।

घटना के बाद वहां मौजूद आक्रोशित लोगों ने मालवाहक में जमकर तोडफ़ोड़ कर दी। वहीं वाहन चालक की जमकर पिटाई कर दी। यह घटना रविवार रात को साढ़े 11 बजे की है। मामले में आरोपी सुजीत ठाकुर और उनके नाबालिग पुत्र के खिलाफ धारा 304 का प्रकरण दर्ज किया गया है। दुर्घटना के बाद गुस्साए लोगों का आरोप है कि मालवाहक चालक ने जानबूझकर मारने की नीयत से गाड़ी चढ़ा दी। इस वजह से एक युवक की जान चली गई।

### घायल युवक का चल रहा इलाज


मालवाहक की चपेट में आए दूसरे घायल युवक को राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार चल रहा है। बसंतपुर थाना प्रभारी ने बताया कि शहर के कुछ युवक मवेशी तस्करों को पकडऩे गए थे। आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसी दौरान यह दुर्घटना हो गई।

# पति-पत्नी का विवादः गुस्से में पति ने अपनी ही एक्टिवा को लगाई आग

■ थाने पहुंच पत्नी ने दर्ज कराई शिकायत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** पति-पत्नी के बीच विवाद होना आम बात है लेकिन भिलाई के छावनी थाना क्षेत्र में एक दिलचस्प मामला सामने आया है। विवाद ऐसा हुआ कि गुस्सैल पत्नी थाने पहुंच गई। शिकायत के बाद पुलिस ने पति के खिलाफ अपराध भी दर्ज कर लिया गया है। दरअसल हुआ यूं कि पति दोपहर बाद घर पहुंचा और घर पर खड़ी एक्टिवा पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। पत्नी ने इसका विरोध भी किया लेकिन वह नहीं माना। आग लगने के बाद पत्नी व उसकी बेटी व मोहल्ले वालों ने आग बुझाई। इसके बाद पत्नी ने थाने पहुंचकर अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।



यह घटना सपना टाकीज के पीछे पानी टंकी के पास की है। पुलिस के अनुसार प्रार्थिया आरती जयसवाल ने बताया कि वह ठेला लगाकर भेल बेचने का काम करती है। शनिवार दोपहर बाद 3.30 बजे मेरा उसका पति विनोद जायसवाल घर पहुंचा और घर के पास बरगद पेड के नीचे रखी एक्टिवा 6जी वाहन क्रं ष्टत्र-07-क्कङ्ग-4295 पर पेट्रोल डालकर आग लगा दिया। गाड़ी को जलाने की वजह भी हैरानी भरी थी।

दरअसल विनोद ने अपनी पत्नी व बेटी को रायपुर चलने कहा जिसके लिए पत्नी ने मना कर दिया। इसी गुस्से में आकर अपनी की गाड़ी को आग लगा दिया। पुलिस को अपनी शिकायत में आरती जसवाल ने यह भी बताया कि मना करने पर मारने की धमकी दी और गाली गलौच भी करता रहा। इस पूरे मामले में छावनी पुलिस ने विनोद जयसवाल के खिलाफ धारा 294, 506 और 435 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### घर पर खड़ी बाइक को आधी रात जलाकर भागे बदमाश

छावनी थाना क्षेत्र में ही बाइक जलाने की घटना भी सामने आई है। कोयला व्यापारी दिलीप गेडाम ने अपनी शिकायत में बताया कि शनिवार आधीरात को घर से बाहर निकला तो देखा कि निर्मल कुमार ऊर्फसल्लू एवं उसका साथी दीपक उन्हें देखकर भाग रहे थे। इधर देखा कि बाइक जल रही थी। घर से पानी लेकर बुझाया। इससे बाइक आधे से ज्यादा जल गई है। इस मामले में छावनी पुलिस ने निर्मल कुमार ऊर्फसल्लू एवं दीपक के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया।

# पुलिस कप्तान ने बच्चों को बताए फास्ट फूड के दुष्परिणाम

**भिलाई।** शि को काई शि तो रियो कराटे इंटरनेशनल इंडिया अन्तर्गत डी रमेश स्पोर्टस कराटे अकादमी भिलाई द्वारा कराटे ग्रेडिंग परीक्षा का आयोजन रविवार को भिलाई क्लब मे किया गया। जिसमें इस्पात क्लब सेक्टर 5 ,सांस्कृतिक भवन, वैशाली नगर, रिसाली , एवं दुर्ग मे संचालित कराटे क्लब के 180 स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी।



मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक दुर्ग डॉ अभिषेक पल्लव का स्वागत क्लब के बच्चों एवं मुख्य प्रशिक्षक सेंसई डी रमेश तथा वरिष्ठ कराटे खिलाड़ियों ने किया। इस दौरान काता एवं कुमीते तथा शारीरिक दृढ़ता का प्रदर्शन किया गया। पुलिस अधीक्षक दुर्ग ने राष्ट्रीय स्पर्धा मे स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली बालिका रजनी उरांव का सम्मान किया। उन्होंने उपस्थित बच्चो एवं परिजनों को संबोधित करते हुए कराटे को आत्म रक्षा के साथ फिट इंडिया अभियान को सार्थक करने मे महत्वपूर्ण खेल बताया। एसपी डॉ. पल्लव ने बच्चों को फास्ट फूड खाने के दुष्परिणाम बताते हुए पौष्टिक भोजन को अपने जीवन मे शामिल करने की बात कही।


भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में
रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

**खास - खबर**

## सेक्टर-6 सोसाइटी को आर्थिक समृद्धि दी बीएसपी कर्मियों ने: मिश्र

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत कर्मियों की सबसे पुरानी सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में माह नवंबर में सेवानिवृत्त हुए कर्मियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सोसायटी के संचालक मंडल ने अपने इन वरिष्ठ सदस्यों के योगदान का स्मरण करते हुए माल्यार्पण से सभी का अभिनंदन किया तथा उनकी जमा राशि का भुगतान चेक के माध्यम से किया। वहीं इन रिटायर कर्मियों ने अपना सेवाकाल याद किया तथा सोसाइटी से अपने संबंधों का विशेष रूप से उल्लेख किया। अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र व सोसायटी के पदाधिकारियों ने रिटायर हुए कर्मियों का सम्मान किया और उन्हें सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दी। स्वागत भाषण में उन्होंने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से जुड़ने के साथ ही हमारे यह सभी साथी अपनी सोसाइटी के सदस्य हो गए थे और करीब 35 से 38 साल की सेवा के दौरान इन्होंने न सिर्फ भिलाई इस्पात संयंत्र को नई ऊंचाइयां देने में अपना योगदान दिया बल्कि हमारी सोसाइटी को भी लगातार समृद्ध किया। इन रिटायर सदस्यों में अशोक कुमार वर्मा, पंचम सिंह, शत्रुघन लाल, खेदूराम, प्रभुदास बघेल, अशोक कुमार, डीके सिन्हा, एचके गायकवाड, संतोष कुमार साहू, धन सिंह साहू, अनिल कुमार पटेल, राजेंद्र कुमार, प्रकाश रे, महेश सिंह, एस. रामबाबू, प्रकाश कुमार देवांगन, अरुण बसंत राव फुले और देवराम ने सम्मान के लिए आभार जताया। रिटायर कर्मियों ने अपना सेवाकाल याद करते हुए कहा कि भिलाई स्टील प्लांट के साथ-साथ कोआपरेटिव सोसाइटी सेक्टर-6 ने भी हमारे जीवन स्तर को बेहतर बनाने में अपना योगदान दिया।

## नौतनवा और गोंदिया-बरौनी का समय व रूट बदलने उठ रही मांग

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ रेल यात्री सेवा संघ ने आम जनता को हो रही परेशानियों से रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को अवगत कराते हुए ज्ञापन भेजा है। संघ के पदाधिकारियों ने दुर्ग से इलाहाबाद-गोरखपुर रूट पर चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों के छूटने के समय और स्टापेज को लेकर भी मांग उठाई है। अपनी मांगों का ज्ञापन संघ की ओर भारतीय डाक के माध्यम से प्रेषित किया गया है। संघ की ओर कहा गया है कि कोरोना काल से लेकर अब तक रेलवे परिचालन पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाया है और मरम्मत के नाम पर ट्रेन रद्द कर दी जाती है, जिसका खामियाजा ऐसे यात्री भुगतते हैं जो पहले से योजना बना कर अपना रेलवे रिजर्वेशन करवा रखते हैं। इसके अलावा किसी आपात परिस्थिति में भी ट्रेन से यात्रा करने वाले बेहद परेशान हैं। फिर एक बार रविवार 18 दिसंबर को खबर मिली है कि देश भर में 294 ट्रेन रद्द कर दी गई है, जिससे यात्री हलाकान हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ रेल यात्री सेवा संघ ने अपनी मांग में दुर्ग-गोरखपुर नौतनवा एक्सप्रेस को दुर्ग से प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 10 बजे के मध्य चलाने की मांग की है, जिससे उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में सूफी संत हजरत बाबा भोले शाह की दरगाह में जियारत के लिए सलेमपुर जाने वाले हजारों तीर्थयात्रियों को दिन के वक्त वहां उतरने की सुविधा मिल सके। क्योंकि सलेमपुर में रात के वक्त ट्रेन से उतरने के बाद परिवहन के साधनों की कमी है।

# बाबा गुरु घासीदास के संदेश मनखे-मनखे एक समान को केंद्र मानकर कर रहे कार्य : मुख्यमंत्री

## समाज के विभिन्न मांगों के लिए एक करोड़ रुपये की घोषणा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। बाबा गुरु घासीदास ने हमें मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया है। यह संदेश सभी को एक समान समझना और इसके मुताबिक सत्य निष्ठा से कार्य करने का संदेश है। हम बाबा के संदेशों का पालन कर रहे हैं और छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यही संदेश बाबा साहब का भी है।**




जनगणना के मुताबिक सभी वर्गों को आरक्षण मिले, यह व्यवस्था बाबा साहब ने संविधान में की है। इसके मुताबिक हमने जिलों में तृतीय वर्ग एवं चतुर्थ वर्ग की नियुक्तियों में आरक्षण की व्यवस्था जनगणना के आधार पर की है। मुख्यमंत्री ने भिलाई में बाबा गुरू घासीदास जी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार किसानों मजदूरों की सरकार है और सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए गुरु घासीदास जी जैसे महापुरुषों के संदेश का पालन करते हुए सब के विकास के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु घासीदास जी का संदेश था समाज में समता स्थापित करना, उनके इस संदेश को हमने केंद्र में रखा है।

किसी के साथ भेदभाव ना हो और सब का समुचित विकास हो, इसी संवैधानिक भावना और महापुरुषों के दिखाए रास्ते के मुताबिक हम कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर अपने संबोधन में गृह मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि बाबा साहब का मनखे-मनखे एक समान का संदेश हमारी सामाजिक समरसता के बारे में गहराई से बताता है। हमारी छत्तीसगढ़ सरकार की नीतियां इसी दिशा में कार्य करती है। अपने संबोधन में नगरी प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने सत्य के पालन का संदेश दिया।

उनका यह संदेश सबके लिए मार्गदर्शक है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने समाज के विभिन्न मांगों के लिए एक करोड़ रुपए देने की घोषणा भी की। इस मौके पर विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पॉल, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेन्द्र साहू एवं समाज के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# एसएसबी की नेक पहल: पहली बार मेडिकल कैंप तक पहुंचे कैंसर के मरीज, स्पीच प्रॉब्लम वाले भी बच्चे आए सामने

## रेल लाइन की सुरक्षा के साथ ग्रामीणों को स्वस्थ रखने एसएसबी ने लगाए मेडिकल कैंप



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बंदुक के साए में एक ओर रेलवे लाइन बन रही है तो दूसरी ओर कड़ी सुरक्षा के बीच गांव में मेडिकल कैंप लगाकर एसएसबी ग्रामीणों के स्वास्थ्य की चिंता कर रही है। एसएसबी के सेक्टर हेडक्वार्टर भिलाई ने 28 वीं बटालियन और 33 वीं बटालियन में मेडिकल कैंप का आयोजन किया। जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने अपना चेकअप कराया। श्रीशंकराचार्य मेडिकल इंस्टीट्यूय एंड रिसर्च सेंटर की टीम के एक दर्जन से ज्यादा विशेषज्ञ चिकित्सक इन माओवादी क्षेत्र में पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों का इलाज किया।

28 बटालियन में यह शिविर बटालियन हेडक्वार्टर अंतागढ़ कुचे गांव में लगाया गया। वहीं 33 बटालियन में यह शिविर भीरागांव में हुआ। यहां ग्रामीणों के साथ ही स्कूली बच्चों का भी स्वास्थय परीक्षण कराया गया। सेक्टर हेडक्वार्टर के डीआईजी थामस चाको के मार्गदर्शन में हुए इस मेडिकल कैंप में 33 बटालियन के टूआईसी इबोचोबा सिंह, कमांडेंट मेडिकल डॉ विवेक कुमार, डॉ विनोद कामले, डॉ धीरज, 28 बटालियन के कमांडेंट अरविंद कुमार, डीआईजी चिकित्सा डॉ ओबी सिंह, हरेराम साव, टूआईसी, ,डिप्टी कमांडेंट घनश्याम मीणा, डॉ लिंगिया एमओ ने कैंप की विशेष तैयारियां की थी।






### एसएसबी का बेहतर प्रयास

श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज टीम के प्रभारी डॉ अंकित ने बताया कि चिकित्सकों का प्रोफेशन सेवा का है और हमारे सुरक्षा बल भी सेवा और सुरक्षा की भावना के साथ देशसेवा में लगे हैं। अपनी ड्यूटी के साथ ही सामाजिक जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। टीम पहली बार माओवाद प्रभावित क्षेत्र में पहुंची थी और उन्हें काफी अच्छा लगा कि यहां पांच सौ से ज्यादा लोग इलाज कराने पहुंचे। कुछ गंभीर मरीज भी सामने आए थे जिन्हें हायर सेंटर जाने की सलाह दी गई है, ताकि उनका इलाज अच्छी तरह हो सकें।

### नया अनुभव

मेडिकल टीम में शामिल डॉ पियुष सिन्हा, डॉ स्वपनिल, डॉ आभा, डॉ ऋषभ, डॉ विशाल, डॉ तरूण, डॉ विवेक, डॉ रोशनी,डॉ अनंत, डॉ गुप्ता, डॉ साहू, डॉ पुतूल, डॉ ओमन वर्मा ने बताया कि आदिवासी बाहुल्य गांवों में मेडिकल कैंप का यह उनका पहला अनुभव था। कैंप के बारे में जब उन्हें पता चला तो उनके कई परिचितों ने यह कहा कि नक्सली क्षेत्र में खतरा है, लेकिन एसएसबी के सुरक्षा साए में हम सभी को बेहतरीन सुरक्षा मिली और वहां जाते ही मन का डर खत्म हो गया।

### गाडियों में पहुंचे लोग

अंतागढ़ के 28 बटालियन में लगे मेडिकल कैंप में कोदागांव, अंतागढ़, कुचे सहित आसपास के गांवों से लोग गाडियों में पहुंचे। खासकर स्वास्थ्य परीक्षण कराने में महिलाएं आगे रही। महिलाओं ने बताया कि आसपास की पीएससी में स्पेशलिस्ट डॉक्टर नहीं होने की वजह से उन्हें इस कैंप में काफी अच्छी सुविधा मिली। एक ही जगह पर सभी को आसानी से इलाज मिला। खासकर बच्चों के डॉक्टर के आने से भी बच्चों की कई बीमारियों के बारे में पता चला।

## मेयर कप के पहले मुकाबले में भिलाई की दोनों टीम ने मारी बाजी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। रायपुर के सुभाष स्टेडियम में मेयर कप के तहत क्रिकेट का महामुकाबला प्रारंभ हो चुका है। शुक्रवार को हुए मुकाबले में महापौर नीरज पाल की ओर से गठित टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए धमतरी की टीम को 70 रनों से मात दी। महापौर की भिलाई की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 128 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया।**

जिसमें एमआईसी मेंबर मन्नान गफ्फार खान ने 40 बॉल में सबसे अधिक 65 रन बनाए। वही पार्षद इंजीनियर सलमान ने आखिरी 10 ओवर में 5 विकेट लिए और मैच भिलाई के नाम कराया। इसके साथ ही पार्षद उमेश साहू ने भी बेहतरीन बॉलिंग की तथा राजा देवांगन ने भी बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया। टीम का कप्तान जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी को नियुक्त किया गया है। पार्षद सेवन ठाकुर ने बताया कि आगामी मैच सोमवार को रात्रि 7:30 बजे रायपुर के सुभाष स्टेडियम में होगा, जिसमें मेयर की टीम का मुकाबला किसी अन्य टीम से होगा। वही भिलाई कमिश्नर की टीम का 17 दिसंबर दिन शनिवार को मैच भिलाई और दुर्ग निगम के बीच हुआ। इस मुकाबले में भिलाई निगम के खिलाड़ियों ने दुर्ग निगम के खिलाड़ियों को 7 विकेट से शिकस्त दी और मैच जीत लिया। 10 ओवर के मैच में दुर्ग निगम के प्लेयर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट खोकर 74 रन बनाए। भिलाई की टीम ने रनो का पीछा करते हुए 3 विकेट खोकर 7.4 ओवर में ही 78 रन बना लिए और मैच अपने नाम कर लिया।

## प्रतिबंध के बावजूद मांस विक्रय, निगम ने की कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत गुरु घासीदास जयंती के दिन रविवार के अवसर पर मांस विक्रय प्रतिबंधित रखने के निर्देश प्रसारित किए गए थे, जिसके तहत सभी इलाकों का निरीक्षण इसके लिए किया गया। मांस विक्रय करने वाले सभी क्षेत्रों का निरीक्षण प्रतिबंधित दिवस पर निगम की टीम के द्वारा किया गया।

सघन निरीक्षण के दौरान निगम की टीम ने पाया कि वैशाली नगर क्षेत्र अंतर्गत अंबेडकर नगर सद्भावना चौक, भगवा चौक एवं स्पोर्ट्स क्लब के बाजू में मांस विक्रय किया जा रहा था। मांस विक्रय के रूप में मछली तथा चिकन बेची जा रही थी। नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर मांस विक्रय बंद कराया तथा चलानी कार्रवाई भी की। निगम ने जवाहर नगर स्पोर्ट्स कंपलेक्स के पास ढिल्लन चिकन कॉर्नर से 3000 रुपए, भगवा चौक कुरूद के पास सद्दाम से 1000 रुपए, अंबेडकर नगर सद्भावना चौक के पास भिलाई चिकन कॉर्नर से 10000 रुपए इस प्रकार कुल 14000 रुपए जुर्माना वसूल करने की कार्रवाई की तथा मांस विक्रय को तत्काल प्रभाव से बंद करवाया और भविष्य के लिए प्रतिबंधित दिवस पर मांस विक्रय नहीं करने की चेतावनी भी दी। इसके अलावा निगम के अधिकारियों ने नेहरू नगर क्षेत्र, सुपेला चिकन मार्केट क्षेत्र, खुर्सीपार क्षेत्र तथा अन्य क्षेत्रों का भी सघन निरीक्षण मांस विक्रय प्रतिबंध को लेकर किया।

# श्रीराम कथा : चिन्मयानंद बापू ने सुनाई प्रभु राम के दिव्य स्वरूप की गाथा, मरीच- सुबाहु का अंत कर भगवान ने संतों का किया कल्याण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। श्रीराम जन्मोत्सव समिति एवं जीवन आनंद फाउण्डेशन द्वारा श्रीराम चौक, जोन 2 खुर्सीपार में आयोजित श्रीराम ज्ञानयज्ञ एवं श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के पांचवे दिन कथावाचक राष्ट्र संत चिन्मयानंद बापू भगवान के दिव्य स्वरूप का बखान किया। एक समय ऐसा था कि जब ऋषि मुनियों के यज्ञ में राक्षस व्यवधान उत्पन्न करते थे। महान ऋषि विश्वमित्र ने भगवान राम को बुलाया और मरीच व सुबाहु नाम के राक्षसों का वद किया। इसके बाद संतो को इन राक्षसों से मुक्ति मिली।**




स्वामी चिन्मयानंद बापू ने व्यासपीठ से बताया कि विश्वमित्र बड़ी दुविधा में थे। मरीच व सुबाहू नाम के राक्षसों ने ऋषि मुनियों के यज्ञ में व्यवधान उत्पन्न कर रहे थे। विश्वमित्र प्रभु राम की महीमा से परिचित तो वे अयोध्या की ओर चल पड़े।

अयोध्या में मुनि विश्वामित्र का आगमन होता है। जैसे ही राजा दशरथ को पता चलता है कि उनके द्वारा पर महात्मा आए हैं तो वे दौड़कर उनकी आवाभगत के लिए पहुंच जाते हैं। यहां पर राजा दशरथ की उदारता दिखती है। इतने बड़े राजा और मुनि आगमन की बात सुनकर दौड़े चले आए।

### विश्वमित्र ने बताई अपनी व्यथा

चिन्मयानंद बापू ने बताया अयोध्या पहुंचे ऋषि विश्वामित्र राजा दशरथ को बताते हैं कि वन में जब वे यज्ञ करते हैं तो राक्षस उन्हें तहस-नहस कर देते हैं। विश्वमित्र यज्ञ की रक्षा के लिए राजा दशरथ से श्री राम और लक्ष्मण को साथ भेजने का निवेदन कहते हैं। यह सुन राजा दशरथ श्री राम-लक्ष्मण को भेजने में असमर्थता जताते हैं। वे कहते हैं कि वे यज्ञ की रक्षा के लिए पूरी सेना ले जाएं लेकिन श्री राम और लक्ष्मण को नहीं। यहां काफी देर तक विश्वमित्र राजा दशरथ को उनके पुत्रों की वीरता का बखान करते हैं परंतु पुत्र मोह में राजा दशरथ उनका निवेदन स्वीकार ही नहीं कर पाते।

### ऋषि वशिष्ठ राजा दशरथ को समझाया

चिन्मयानंद बापू ने आगे बताया राजा दशरथ के मना करने पर गुरु वशिष्ठ ने उन्हें समझाया। गुरु वशिष्ठ के समझाने पर राजा दशरथ श्री राम और लक्ष्मण को मुनि विश्वामित्र के साथ भेज देते हैं। जब मुनि विश्वामित्र ने रास्ते में श्री राम और लक्ष्मण को बताया कि इस जंगल में ताड़का नाम की राक्षसी का आतंक है जो लोगों को खा जाती है। इसके बाद प्रभु राम का सामना ताड़का से हो जाता है। दोनों के बीच युद्ध होता है और प्रभु राम ताड़का का अंत कर देते हैं। इस तरह ताड़का राक्षसी के आतंक से मुक्ति मिल जाती है। ताड़का के वध के बाद मुनि विश्वामित्र श्री राम और लक्ष्मण को लेकर आश्रम आ जाते हैं। मुनि विश्वामित्र आश्रम में शिष्यों के साथ यज्ञ कर रहे थे। यज्ञ की रक्षा के श्री राम और लक्ष्मण तैनात रहते हैं। इधर यज्ञ चल रहा होता है और मारीच और सुबाहु नाम के राक्षस यज्ञ को नष्ट करने के लिए पहुंच जाते हैं। प्रभुराम दोनों राक्षसों से निवेदन करते हैं कि इस तरह ऋषियों की तपस्या व सज्ञ में विघ्न नहीं डालना चाहिए। लेकिन राक्षस तो राक्षस हैं वे कहां सुनने वाले। दोनों राक्षस श्रीराम व लक्ष्मण पर हमला कर देते हैं। भीषण युद्ध होता है और प्रभु राम दोनों राक्षसों का वध कर ऋषियों को उनके आतंक से मुक्ति दिलाते हैं। चिन्मयानंद बापू ने कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए वस्तुओं के सदुपयोग की बात कही। उन्होंने कहा कि कैंची कपड़े काटने के लिए, चाकू सब्जी काटने के लिए बनाई गई लेकिन आजकल लोग इससे दूसरों की गर्दन काट रहे हैं। यह बिल्कुल गलत है, हमें प्रत्येक वस्तु का वही उपयोग करना चाहिए जिसके लिए उसे बनाया गया है। उन्होंने कहा कि विज्ञान हमारे बहुत बड़ा वरदान है। इसलिए इसका उपयोग भी हमें ज्ञान के लिए करना चाहिए। चिन्मयानंद बापू ने कहा कि विषयी और साधक दोनों एक समान गति से चलना चाहिए। उसी तरह यज्ञ में हमेशा भाग लेना चाहिए।

## शबद में गूंजा वाहो-वाहो गुरु गोविंद सिंह, ट्रेक्टर पर सजी गुरु साहिब की झांकी, उमड़े हजारों श्रद्धालु

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। धर्म के लिए अपना परिवार बलिदान करने वाले सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाशपर्व पर रविवार को शहर में खालसाई शान के साथ नगर कीर्तन निकाला गया। इस मौके पर बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गो व महिलाओं ने कीर्तन के माध्यम से गुरु गोविंद सिंह की महिमा और उनके बलिदान को बताया। इस मौके पर सिख मार्शल आर्ट गतका का भी जगह-जगह प्रदर्शन किया गया।**



संस्था साहबजादे बाबा लजीत सिंह गतका ग्रुप सुपेला गुरुद्वारा की टीम ने गतका दिखाया। नगर कीर्तन का जगह-जगह पुष्पवर्षा के साथ स्वागत हुआ। इस बार यह नगर कीर्तन नेहरू नगर गुरुद्वारा से निकला । जीई रॉड, पावर हाउस ,ड़ से होते हुए यह नगर कीर्तन ओवर ब्रिज से होकर टाउनशिप पहुंचा। मुर्गा चौक से होकर सेंट्रल एवेन्यू के रास्ते सेक्टर 6 स्थित गुरुद्वारे में समाप्त हुआ। इस मौके पर अलग-अलग कीर्तन जत्थे ने कीर्तन और शबद के माध्यम से गुरु गोविंद सिंह के जीवन का बखान किया। उनकी कुर्बानियों को भी बताया।

### सेवा करने लगी कतार

नगर कीर्तन पर लंगर से लेकर चाय, शर्बत, पानी सहित कई अन्य चीजों को बांटने जगह-जगह स्टॉल लगे रहे। संगत की सेवा करने लोग परिवार के साथ जुटे रहे। वही कई स्थानों पर दूसरे समाज के लोगों ने भी संगत की सेवा में हाथ बंटाया। सेक्टर1 स्थित बीएसएनएल चौक, सेक्टर 4 चौक,सेक्टर 5 चौक, में भी सिख समाज के सेवा स्टॉल लगाए गए।

इस नगर कीर्तन का जनप्रतिनिधियों ने भी स्वागत किया। भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव ने भी सेंट्रल एवेन्यू में नगर कीर्तन का स्वागत किया। भिलाई निगम के पार्षदों ने पंज प्यारों को सरोपा देकर सम्मानित किया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950